''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 91 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए बुधवार, 02 अप्रैल 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## हरियाणा राज्य कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**एसोसिएशन ने कोल्ड स्टोरेज मार्किट फीस को एकमुश्त (स्लैब आधारित प्रणाली) पर बदलने तथा उनकी भंडारण क्षमता के अनुसार स्लैब दर को कम करने के लिए मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त**

**इससे छोटे एवं मध्यम कोल्ड स्टोरेज संचालकों को मिलेगी भारी राहत**

**सरकार व्यापार, उद्योग व कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध**



**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की तथा कोल्ड स्टोरेज मार्किट फीस प्रणाली को एकमुश्त से स्लैब आधारित संरचना में बदलने तथा उनकी भंडारण क्षमता के अनुसार स्लैब दर को कम करने के निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया। स्लैब आधारित एकमुश्त शुल्क प्रणाली के कार्यान्वयन तथा उनकी भंडारण क्षमता के अनुसार स्लैब दर को कम करने से छोटे और मध्यम कोल्ड स्टोरेज संचालकों को काफी राहत मिलेगी। नई प्रणाली के तहत, फीस उनकी भंडारण क्षमता के आधार पर होगी, जिससे न केवल छोटे संचालकों पर बोझ कम होगा, बल्कि नए निवेशकों और उद्यमियों को इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहन भी मिलेगा।

गौरतलब है कि हरियाणा राज्य कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर एकमुश्त मार्किट फीस प्रणाली से आ रही कठिनाईयों से उन्हें अवगत करवाया था। मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बात को सहानुभूति पूर्वक सुना और जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान करने का आश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री ने मार्किट फीस प्रणाली को उद्योग की आवश्यकता के अनुसार संशोधित करके यह साबित कर दिया है कि उनकी सरकार व्यापार, उद्योग व कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने व्यापारिक नीतियों में पारदर्शिता और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए है और यह भी उन्हीं निर्णयों में से एक है। कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के प्रधान व पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह निर्णय उनकी व्यापार एवं कृषि हितैषी सोच को दर्शाता है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से ना केवल छोटे एवं मध्यम स्तर के कोल्ड स्टोरेज संचालकों को राहत मिलेगी, बल्कि पूरे प्रदेश में कोल्ड स्टोरेज सेवाओं का विस्तार भी होगा। इससे किसानों को अपनी फसलों के भण्डारण की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी, जिसके परिणाम स्वरूप कृषि क्षेत्र को ओर ज्यादा मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजा शेखर वुंडरू, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक श्री मुकेश कुमार आहुजा, बोर्ड के सीएमईओ श्री सुनील शर्मा, एसोसिएशन के प्रधान श्री बलदेव राज सेठी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने चण्डी माता मंदिर में पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद



**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चण्डी माता से हरियाणावासियों के स्वस्थ व उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज चण्डी माता के दर्शन कर प्रदेशवासियों के स्वस्थ व उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नवरात्रों के मौके पर पंचकूला स्थित चण्डी माता मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे थे, इस दौरान उन्होंने माता का आशीर्वाद लेते हुए हरियाणावासियों को नवरात्र की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माता रानी की कृपा से प्रदेश विकास की गति पर तेजी से अग्रसर रहे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यज्ञशाला पहुंचकर हवन यज्ञ में शिरकत करते हुए आहुति भी डाली। इस अवसर पर पंचकूला के कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा,महापौर कुलभूषण गोयल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## 15 जून तक सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य किया जाये पूरा : मुख्यमंत्री



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की सभी सड़कों की मरम्मत का काम 15 जून तक पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी एक विशेष अभियान चलाकर इस सम्बन्ध में टेंडर आदि की सभी प्रक्रियाएं 15 दिनों के अंदर पूरी करना सुनिश्चित करें ताकि आगामी मानसून से पहले सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री आज यहाँ हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद थे।

क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि खराब सड़कों को चिह्नित कर 15 दिन के भीतर मरम्मत कार्य शुरू करवाना सुनिश्चित किया जाये ताकि आमजन को राहत प्रदान की जा सके। इसके अतिरिक्त, पांच ज़िलों में जिला परिषद् को स्थानांतरित की गई सभी सड़कों की रिपेयर और मरम्मत भी तय समय सीमा में पूरी करवाई जाये। साथ ही, मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों की मरम्मत के सम्बन्ध में कोई कोताही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने विधान सभा बजट सत्र के दौरान घोषणा करते हुए कहा था कि आगामी 6 महीने में हरियाणा प्रदेश की सभी सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश में एक भी सड़क टूटी हुई नहीं मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने राज्य में सड़कों के चौड़ीकरण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा मेन्टेन की जा रही सड़कों को 12 फुट से 18 फुट करने की दिशा में भी कार्य किया जाना चाहिए। सड़कों पर बढ़ते हुए यातायात को देखते हुए यह अत्यंत जरूरी है। साथ ही, प्रदेश की सभी मंडियों के अंदर की सड़कों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों को कोई दिक्कत न हो।

बैठक में बताया गया है हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा मेन्टेन की जा रही 4313 सड़कों में से 465 सड़कें 18 फुट की हैं। 34 अन्य सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसके अतिरिक्त, 118 किलोमीटर की 35 सड़कें के चौड़ीकरण के लिए टेंडर प्रक्रियाधीन है। मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा करते हुए श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करे कि सभी घोषणाएं तय समय सीमा में पूरी हो। इसके लिए सभी सम्बंधित विभाग बेहतर तालमेल कर कार्य करें जिससे विकास कार्यों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया जा सके।

मुख्यमंत्री ने बजट में की गई घोषणाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सम्बंधित विभाग योजना बनाकर तय समय सीमा में तेज गति से कार्य करते हुए शत प्रतिशत योजनाओं को धरातल पर उतारना सुनिश्चित करें ताकि जनता को अधिकतम लाभ मिल सके।

उन्होंने पिंजौर में स्थापित सेब मंडी, गुरुग्राम में स्थापित की जाने वाली फूल मंडी, गन्नौर में स्थापित की जा रही इंडिया इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्किट, अटल किसान मज़दूर कैंटीन सहित अन्य परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजा शेखर वुंडरू, विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक श्री मुकेश कुमार आहूजा, कृषि निदेशक श्री राज नारायण कौशिक, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक श्री राजेश जगपाल हैफेड के प्रबंध निदेशक श्री मुकुल कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।




## हिट एंड रन मामले मे घायलों को मिलेगी 1.5 लाख तक की कैशलेस सुविधा : सीएमओ



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हिट एंड रन मोटर एक्सिडेंट केस में भारत सरकार की ओर से दुर्घटना का शिकार हुए व्यक्ति को आर्थिक सहयोग दिए जाने का प्रावधान किया गया है। सीएमओ डॉ जयंत आहूजा ने सरकार की ओर से दिए जाने वाली मदद को लेकर आयुष्मान भारत योजना से जुड़े जिला के सभी इम्पैनल्ड अस्पतालों के प्रतिनिधियों व संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएमओ ने बैठक में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए शुरू किए एक पायलट प्रोजेक्ट के बारे में बताया जिसके अन्तर्गत पीड़ितों को 1.5 लाख तक की कैशलेस सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति के साथ सड़क हादसा होता है तो उसको पुलिस विभाग द्वारा या घटना स्थल पर मौजूद व्यक्तियों द्वारा नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा तो उस घायल व्यक्ति को अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस ट्रीटमेंट दिया जायेगा और एक्सीडेंट के दिन से पीड़ित का 7 दिन तक का इलाज किया जाएगा। इसके लिए 24 घंटे के अंदर सड़क दुर्घटना की खबर पुलिस को देनी होगी। ताकि पुलिस विभाग यह सुनिश्चित कर सके कि घायल व्यक्ति हिट एंड रन मामले में घायल हुआ है। पुलिस विभाग द्वारा 6 घंटे के भीतर उस एक्सीडेंट केस को वेरिफ़ाई करके अस्पताल प्रशासन को सूचना देनी होगी, यदि केस हिट एंड रन का होता है तो आयुष्मान प्रोजेक्ट के अंतर्गत मरीज़ को 1.5 लाख तक कैशलेस इलाज 7 दिनों के लिए मिलेगा और केस हिट एंड रन नहीं होता तो इलाज का पैसा घायल व्यक्ति अगर वह आयुष्मान योजना से जुड़ा है तो आयुष्मान योजना अनुसार या घायल व्यक्ति का कोई अन्य मेडिकलेम हो अन्यथा इलाज का खर्चा घायल के परिवार को देना होगा।

उन्होंने आए हुए प्रतिनिधियों से कहा कि अस्पताल की तरफ से मौजूद व्यक्ति टीएमस पोर्टल (provider.nha.gov.in) पर जाकर घायल व्यक्ति की पूर्ण जानकारी उपलोड करेगा, जिससे आगे की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने कहा कि अस्पताल फर्जी एंट्री करने से बचे, अगर कोई अस्पताल फर्जी एंट्री करता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में आ रही समस्याओं के बारे में सीएमओ को अवगत कराया। जिस पर सीएमओ डॉ जयंत आहूजा ने आश्वासन दिया की उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखकर उनका जल्द से जल्द निदान किया जायेगा।

बैठक में डीसीपी जसलीन कौर सहित जिला के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों व संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



# योगी बोले- अखिलेश को गोबर से दुर्गंध आती है

## सपा के मित्र कसाइयों को जहन्नुम भेजा तो इन्हें परेशानी हुई; बरेली में अब सब चंगा






**बरेली।** योगी ने कहा- सपा सरकार ने गायों को लावारिश छोड़ दिया था। सपा के मुखिया (अखिलेश यादव) कहते हैं कि गोबर से उन्हें दुर्गंध आती है। इनकी असलियत यही है, क्योंकि ये गौ माता को कसाइयों के हवाले करते थे। हमने कसाइयों को जब जहन्नुम की यात्रा पर भेजा तो इनको परेशानी हुई। कसाई जब जहन्नुम में चले गए तो राज्य सरकार 14 लाख गोवंश की देखभाल कर रही है। अन्य गोवंश हमने अन्नदाताओं के हवाले कर दिया, कहा- आप भी पालिए। एक गोवंश पर 1500 रुपए हम दे रहे हैं। अगर एक किसान 4 गोवंश पालता है तो हम उसे 6 हजार रुपए महीने दे रहे हैं। यह बातें सीएम योगी ने मंगलवार को बरेली में कही। योगी ने 932 करोड़ रुपए की 132 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही यूपी के लिए 2500 नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई। सिविल लाइन स्थित बरेली कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित कियायोगी ने कहा-अब बरेली बदल चुका है। ये वही बरेली है, जहां 2017 से पहले साल में 8-10 दंगे हुआ करते थे। पिछले 8 साल में बरेली में एक भी दंगा नहीं हुआ। अब बरेली में दंगा नहीं, सब चंगा है। दंगाई सब चूहे की तरह बिलबिला रहे हैं, लेकिन बाहर निकलने का साहस नहीं कर रहे। उन्हें मालूम है कि दंगा किया तो बाप-दादा ने जो कमाई की होगी वो एक झटके में सरकार गरीबों में बंटवा देगी। सीएम ने कहा- पूर्वी यूपी के गोरखपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज इंसेफ्लाइटिस के लिए संवेदनशील है। बरेली, बदायूं, पीलीभीत और आसपास मलेरिया के लिए संवेदनशील है। आगरा के आसपास डेंगू, वाराणसी के आसपास कालाजार और झांसी के आसपास के जिले चिकनगुनिया के लिए संवेदनशील है। इन बीमारियों को रोकने के लिए सरकार अभियान चला रही है। डबल इंजन की भाजपा सरकार के नेतृत्व में 8 साल में इंसेफ्लाइटिस खत्म हो गया। इससे एक भी मौत नहीं हो रही। पहले सैकड़ों लोगों की मौत होती थी। योगी ने कहा- 2017 में हमने देखा कि बेसिक शिक्षा परिषद की स्थिति बेहद बेकार थी। बहुत से स्कूल बंद होने की कगार पर थे। न टॉयलेट थे न पीने का पानी, न फर्नीचर, न फर्श... स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी तो दूर की कौड़ी थी। यूपी में 2017 में 1.34 करोड़ बच्चों ने केवल नामांकन कराया था। इसमें 60% बच्चे ऐसे थे जो कभी स्कूल नहीं जाते थे। आज हर साल हम 1.91 करोड़ छात्रों के लिए खाते में 1200 रुपए भेज रहे हैं। दो यूनिफॉर्म और पूरा ड्रेस सरकार की ओर से अनिवार्य रूप से दिया जाने लगा है। योगी ने कहा- छात्र और शिक्षक का अनुपात ठीक हो, इसके लिए अब तक 1 लाख 25 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की। हम अगले चरण में आ गए हैं। गांव-गांव में स्कूल तो हैं, लेकिन वहां अभी हमारे पास बहुत चैलेंज हैं। अब इन्हें इंट्रीग्रेटेड स्कूल कॉम्प्लैक्स के रूप में विकसित करेंगे। उत्तर प्रदेश में 16 आवासीय अटल स्कूल की शुरूआत की है। इसमें श्रमिकों के बच्चों के लिए अच्छी पढ़ाई की व्यवस्था है। इन्हें एक मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया है। हर जिले में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय खोले जाएंगे। CM योगी ने 932 करोड़ रुपए की 132 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही यूपी के लिए 2500 नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई। योगी ने कहा- 2017 से पहले 108 एम्बुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम 17 से 19 मिनट हुआ करता था। आज यही रिस्पांस टाइम 7 मिनट से कम हुआ है। इस रिस्पांस टाइम को कम करने के लिए 2500 नई एम्बुलेंस लगाई गई हैं। योगी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा- स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों समाज के लिए जरूरी है। इंसेफ्लाइटिस, डेंगू, मलेरिया, कालाजार, चिकनगुनिया जैसे विषाणुजनित बीमारियों से बचाव के लिए अभियान की शुरूआत यहां से कर रहे हैं। ये नाथ नगरी है, नाथ नगरी से किया जाने वाला कोई भी प्रयास कभी विफल नहीं होगा। श्रमिकों के बच्चों के लिए नवाबगंज में 73.35 करोड़ रुपए की लागत से बने अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन। रामगंगा नदी पर कैलाशमणि सेतु का लोकार्पण किया। इस नए पुल से शहर के ट्रैफिक को राहत मिलेगी। बीडीए का प्रशासनिक भवन और आरटीओ कार्यालय का उद्घाटन किया।शहर के चार प्रमुख प्रवेश द्वार- अलखनाथ, तपेश्वरनाथ, बनखंडीनाथ और महंत अवैद्यनाथ द्वार का उद्घाटन हुआ।

संक्षिप्त डायरी

## हमीरपुर की मुस्करा पुलिस ने कत्ल की फरार महिला अभियुक्त को किया गिरफ्तार



संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की मुसकरा पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मु0अ0सं0 047/2025 धारा 103(1) बीएनएस। फरार चल रही महिला अभियुक्त अनीता देवी पत्नी स्वर्गीय अरविन्द रैकवार निवासी मुहल्ला मोतीनगर वैजनाथ स्कूल के पीछे मुस्करा हमीरपुर को मुस्करा चरखारी रोड से गिरफ्तार कर दालत भेजा गया। गौरतलब है कि 31 मार्च 2025 को दिनेश पुत्र अरविंद, निवासी बैजनाथ स्कूल के पीछे, मोतीनगर, मुस्करा हमीरपुर ने थाने में आकर सूचना दी कि, जब वो घर से बाहर था, तब उसकी 40 वर्षीय मां अनीता ने फोन कर बताया कि उसकी तबीयत खराब है और उसे डॉक्टर को साथ लाने को कहा। जब दिनेश घर पहुंचा, तो उसने देखा कि उसकी मां और पिता दोनों कमरे में मौजूद थे, लेकिन उसके पिता अरविंद मृत अवस्था में घर के अंदर पड़े थे, जबकि उसकी मां को चोटें लगी थीं। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी राठ मुस्करा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। शुरूआती जांच में पता चला कि मृतक अरविंद पुत्र मुरलीधर करीब 42 वर्ष, मूल निवासी ग्राम कुंडरा, थाना खरेला, महोबा था, जो करीब 10 साल से मोतीनगर, मुस्करा में निवास कर रहा था। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट व डॉग स्क्वायड ने पहुंचकर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। पुलिस जांच में घटना प्रथम दृष्टया पति-पत्नी के आपसी झगड़े की वजह होना लग रहा है। पूंछ ताछ के दौरान मृतक की पत्नी ने वारदात को अंजाम देना कुबूल किया। जबकिमहिला अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पैक्टर योगेश तिवारी, एस आई शिवम पाण्डेय, हैड कांस्टेबल कमलेश कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार शर्मा, महिला कांस्टेबल बबिता यादव सहित महिला कांस्टेबल इन्द्रावती शामिल रहीं।

## पुलिस चौकी के सामने नाबालिगों से मारपीट



**बुलंदशहर।** में आवास विकास पुलिस चौकी के सामने दबंगों ने दो नाबालिग किशोरों की जमकर पिटाई कर दी। नुमाइश देखकर ई-रिक्शा में घर लौट रहे किशोरों से कार का हॉर्न बजाने को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद कार सवार दबंगों ने किशोरों को ई-रिक्शा से खींचकर बेरहमी से पीटा।घटना दम रोड पर हुई। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने घायल किशोरों को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा। उनका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। थाना पुलिस वायरल वीडियो और लिखित शिकायत के आधार पर जांच कर रही है।

## वार्षिक परीक्षा में विद्यालय के टॉपरों को मेडल, स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित



संवाददाता

**कसया।** फाजिलनगर ब्लाक क्षेत्र के बनकटा बाजार स्थित माता यशोदा देवी विद्या निकेतन में वार्षिक परीक्षा में सफल छात्र - छात्राओं को अंक पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय में वार्षिक परीक्षा के टॉपरों को मेडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक केदारनाथ यादव ने वार्षिक परीक्षा में सफल छात्र - छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा से उन्नति के द्वार खुलते हैं। बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। उन्हें शिक्षक नैतिक और अनुशासित शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करें। तभी बच्चे भविष्य के अच्छे नागरिक बनेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार यादव ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने परीक्षा में शत प्रतिशत अच्छे अंकों में सफलता प्राप्त की है। आप सभी मन लगाकर मेहनत से पढ़ाई करें तो आने वाले समय में सफलता आपके कदम चूमेगी। सभी अतिथियों का आभार सचिव राम गुलाब यादव ने व्यक्त किए। परीक्षा में अनुपमा यादव कक्षा सात की छात्रा ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि मुन्ना यादव कक्षा चार, अन्नू गोंड कक्षा दो, अनुराग यादव कक्षा चार ने क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। इस दौरान छात्र - छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किए। इस दौरान शिक्षक दिनेश यादव, बृजेश कुमार, सच्चिदानंद पांडेय, रिंकू शर्मा, स्नेहा गोंड, सबिता देवी, रंजू यादव सहित बच्चे मौजूद थे।

## पत्नी को बेहोश कर गला रेता, हाथ की नस काटी



**आगरा।** पति ने पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद तीन दिन तक शव के साथ घर में रहा। मंगलवार सुबह साली को कॉल की। कहा- मैंने तुम्हारी बहन को मारा डाला है, लाश घर में पड़ी है। ले जाकर अंतिम संस्कार कर देना। मृतका की बड़ी बहन पुलिस को लेकर घर पहुंची। दरवाजा बाहर से बंद था। पति फरार था। पुलिस ताला तोड़कर अंदर पहुंची, तो महिला की लाश मिली। गला रेता गया था, घर में खून ही खून बिखरा था।आशंका है कि आरोपी ने पहले पत्नी को बेहोश किया, फिर उसकी गला रेत दिया। इसलिए आस-पड़ोस में रहने वालों को भनक नहीं लगी। ये घटना नाई की मंडी के सुंदर पाड़ा की है।लोहामंडी राजनगर निवासी बड़ी बहन गीता ने बताया- उसका मायका भोपाल में है। करीब 4 साल पहले मां-बाप की मौत के बाद 26 साल की छोटी बहन शिवानी उर्फ पार्वती आगरा आ गई थी। इसी दौरान शिवानी को सुंदर पाड़ा निवासी शक्ति से प्यार हो गया। तीन साल पहले उसने शक्ति से लव मैरिज कर ली। फिर वो अपने पति के साथ रहने लगी थी। दो दिन से शिवानी को फोन कर रही थी। लेकिन फोन उठ नहीं रहा था। मंगलवार को सुबह जीजा शक्ति का फोन आया। बोले- 'शिवानी को मार डाला है, उठा ले जाओ।' पुलिस ने मोहल्ले वालों से पूछताछ की, तो पता चला कि शक्ति नशे का आदी था। रोज शराब पीकर घर आता था। इस बात पर शिवानी की उसकी लड़ाई होती थी। शिवानी उसको शराब पीने से रोकती थी, तो मारपीट करता था। घर से लड़ाई की आवाज आती थी। वो शिवानी के चरित्र पर भी करता था। कहता था कि तुम किससे फोन पर बात करती हो। दो दिन से उन लोगों ने शिवानी को नहीं देखा था। शक्ति सिंह देर रात घर से बाहर जाता और कुछ देर में आ जाता था।पुलिस को कलाई कटी मिली ढ शेषमणि उपाध्याय ने बताया-शिवानी का गला कटा था। कलाई पर काटे जाने के निशान थे। कमरे में बेड पर उसकी लाश पड़ी थी। जमीन पर खून फैला था। प्रथम दृश्यता, शक्ति ने पहले शिवानी को किसी तरह बेहोश किया है। इसके बाद गला रेता। क्योंकि जहां पर ये लोग रहते हैं। वहां आपस में सारे घर जुड़े हुए हैं। किसी को कोई आवाज सुनाई नहीं दी। बड़ी बहन गीता की तहरीर पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

## सबकी मुरादें पूरी करती हैं साखोपार वाली कोटेश्वरी माता



संवाददाता

**कुशीनगर।**

पडरौना क्षेत्र पंचायत के साखोपार ग्राम पंचायत स्थित कोटेश्वरी माता के स्थान पर इन दिनों नवरात्रि के समय श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। श्रद्धालुओं का मानना है कि सभी की मुरादें पूरी करती हैं कोटेश्वरी माता। ग्राम पंचायत सांखोपार में ऊंचे टीले पर यह स्थान है, यहां दो स्थानों पर माता का पिंडी है एक को कोटेश्वरी माता और दूसरे को काली मां के स्थान के रूप में माना जाता है। इस स्थान के चारों तरफ पोखरा है और टीले पर एक विशाल प्राचीनतम पाकड़ का पेड़ है इसके अलावा पीपल नीम बेल आम साखू सागौन अमरूद कटहल आंवला जामुन और चारों तरफ कांटबास का पेड़ है, टीले पर ही एक प्राचीन कुआं है, दो दशक पहले समाजसेवी स्वर्गीय विजय प्रताप नारायण सिंह ने यहां सीढ़ी और पुल का निर्माण कराया जिससे रास्ता सुगम हो गया अन्यथा बरसात में बांस का अस्थाई पुल बनाकर आवागमन होता था। रैकवार क्षत्रिय वंश के लोग इन्हें अपना कुल देवी मानते हैं। यहां चैत्र राम नवमी के दिन बलि देने की प्रथा सदियों से चली आ रही है।क्षेत्र की महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंचती हैं और हलुआ पुड़ी बनाकर माता को चढ़ाती हैं। क्षेत्र के लोगों की अटूट आस्था इस स्थान से है यहां मुंडन संस्कार और नए वाहन की भी पूजा कराने की परंपरा है।

## स्कूल चलो अभियान के तहत शैक्षिक सत्र 2025- 26 का हुआ शुभारंभ



संवाददाता

**कुशीनगर।** सुकरौली बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय सखौली के प्रागढ़ में स्कूल चलो अभियान के तहत शैक्षिक सत्र 2025- 26 के प्रारंभ में सभी छात्र छात्राओं का स्वागत चंदन अभिनंदन किया गया।निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों के नामांकन उपस्थिति एवं ठहराव में वृद्धि कर शिक्षा के सार्वभौमिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शैक्षिक सत्र के शुभारंभ में जन सामान्य में जागरूकता लाने तथा शैक्षिक वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से गांव में प्रभात फेरी निकाली गई तथा व्यापक प्रचार प्रसार किया गया।

बच्चों को रोज स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया जिससे कि बच्चों के नामांकन के सापेक्ष ठहराव हो सकें। इस कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ श्रीमती रेखा रामचंद्रन (प्रधानाअध्यापिका) श्रीमती शशि कला देवी( शिक्षा मित्र ) श्रीमती रंभा देवी (शिक्षा मित्र) एवं कंचन शुक्ला आंगनवाड़ी कार्यकत्री व संध्या देवी (सहायिका) देवी उपस्थिति रही। मै रेखा रामचंद्रन सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कमाना करती हूं।



## डिबाई में कंटेनर ट्रक ने लिफ्ट को मारी टक्कर

**डिबाई।** में सड़क हादसे में एक बच्चा घायल हो गया। घटना 29 मार्च की रात करीब 10 बजे रेलवे रोड पर हुई। नगरपालिका सौंदर्य करण के लिए नगर में मुख्य मार्ग पर लाइट लगवा रही है। लाइट का कार्य एक लिफ्ट द्वारा बिजली के खंभे पर लाइट लगाने का काम चल रहा था।नरोरा से डिबाई की ओर आ रहे एक कंटेनर ट्रक ने लिफ्ट को टक्कर मार दी। टक्कर से लिफ्ट का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। यह टूटा हुआ हिस्सा एक बच्चे के ऊपर गिरा, जिससे उसके पैर में चोट आई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घायल बच्चे की मां मजदूरी करके परिवार चलाती हैं। उन्होंने कानूनी कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। पुलिस ने कंटेनर ट्रक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 281 और 125( ) के तहत मामला दर्ज किया है। स्थानीय लोगों ने लापरवाह ड्राइविंग पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है।

## बोतल छूने पर टीचर ने दलित छात्र की उंगली तोड़ी



**मैनपुरी।** में पानी की बोतल छूने पर टीचर ने दलित छात्र की उंगलियां तोड़ दीं। कमरे में बंदकर बुरी तरह से पीटा। कहा- अब तो बोतल अछूत हो गई। इसमें कौन पानी पीएगा। धमकी दी कि अगर इस घटना की शिकायत की तो अंजाम भुगतने को तैयार रहना। छात्र रोते हुए घर पहुंचा तो परिजन हॉस्पिटल लेकर भागे। डॉक्टरों ने एक्सरे करवाया। एक्सरे में दो उंगलियां टूटी हुई थीं। मामला किशनी थाना क्षेत्र के हरिपुर कैथोली गांव स्थित नरेंद्र प्रताप सिंह उच्चतर माध्यमिक स्कूल का है। 15 साल का छात्र 11वीं क्लास में पढ़ता है।कठेरिया गांव के रहने वाले दलित छात्र ने बताया- मैं 29 मार्च को स्कूल में पढ़ने गया था। मुझे प्यास लगी तो मैंने स्कूल में मेज पर रखी हुई पानी की बोतल उठा ली। इस बात से बॉयलोजी टीचर मंगल सिंह शाक्य ने मुझे बहुत ही भद्दी-भद्दी जति सूचक गालियां दीं। टीचर मंगल सिंह शाक्य ने हमें छुट्टी के समय स्कूल के कमरे में अकेले में कमरा बंद करके पीटा। टीचर ने कहा- तेरी हिम्मत कैसे हो गई जो बोतल को छू लिया। यह बोतल अब अछूत हो गई। इससे हम पानी कैसे पिएंगे। डंडे से बुरी तरह से पीटा। इससे मेरे हाथ की दो उंगलियां टूट गईं। मेरी जांघ, कंधों और जबड़े में भी चोट आई है। मैंने एक्स-रे कराया है। जिसमें साफ दिख रहा है कि मेरी दो उंगलियां टूटी गई हैं। पीड़ित छात्र पहले किशनी थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद मंगलवार को छात्र अपने परिजनों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचा। वहां एसपी को शिकायत देकर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसपी ने मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# एयरफोर्स अफसर के कातिल ने कैसे तोड़ी हाई सिक्योरिटी





**प्रयागराज।** में एयरफोर्स के चीफ इंजीनियर (वर्क) एसएन मिश्रा (50) की हत्या संविदा सफाईकर्मी के बड़े बेटे ने की थी। आरोपी का छोटा भाई जेल में है। उसे जमानत के लिए पैसों की जरूरत थी। पुलिस के अनुसार, 28 मार्च की रात को आरोपी इंजीनियर के घर लूटपाट करने पहुंचा था। उसने इंजीनियर के घर के पीछे लगे दरवाजा का एक हिस्सा काट दिया था। CCTV के तार पहले ही काट चुका था। ऐसे में ड्राइंग रूम में लगे स्क्रीन ब्लैंक हो गए थे। आहट सुनकर इंजीनियर एसएन मिश्रा और उनकी पत्नी वत्सला उर्फ प्रीति की नींद खुली। इंजीनियर ने खिड़की खोलकर बाहर देखना चाहा, तब सफाईकर्मी के बेटे ने गोली चला दी। जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी, उसके मां-पिता को गिरफ्तार किया है। तीनों वारदात में शामिल थे। पुलिस को सौरभ ने बताया- मैं लाल बिहारी मोहल्ले का रहने वाला हूं। एयरफोर्स स्टेशन से मेरा घर 1.5 किमी दूर है। 28 मार्च की रात 2.30 बजे मैं एयरफोर्स स्टेशन के लिए पैदल निकला। 15 मिनट के बाद मैं सेंट्रल एयर कमांड के मेन गेट तक पहुंच गया। मैंने इस गेट से 150 मीटर दूर एक स्थान चुना था, जहां मुझे पता था कि CCTV नहीं लगे थे।बाउंड्री 9 फीट ऊंची है। उस पर 2 फीट तक तार लगे हुए हैं, जिनमें करंट दौड़ता है। इसलिए मैं बाउंड्री से सटे हुए एक पेड़ पर चढ़ा। यह पेड़ एसएन मिश्रा के घर के लॉन तक जाता है। इसके सहारे मैं वहां तक पहुंचा। इसके बाद डाल पर रस्सी बांधी और लॉन में उतर गया। मुझे पता था कि घर के बाहर सिर्फ 1 CCTV है, मैंने उसके तार को चाकू से काट दिया। इसके बाद मैं घर के पीछे के गेट पर पहुंचा। यहां जाली का दरवाजा खुला था। उसके बाद लकड़ी का दरवाजा था। चिटकनी की जगह पर मैंने लकड़ी को काटने का प्रयास किया। औजार मैं घर से लाया था। बड़ी मुश्किल से एक छेद हो सका।मैं फिर से मेन गेट की तरफ आ गया। खिड़की के सहारे अंदर जाने की कोशिश करने वाला था। मगर उससे पहले खिड़की खुल गई। सामने चीफ इंजीनियर खड़े थे। वह मुझे पहचानते थे, इसलिए मैं घबरा गया। उसी दरम्यान मैंने पिस्टल निकाल ली। वह चिल्लाए तो मैं डर गया और गोली चला दी।वह कमरे में ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। गोली शायद उनके सीने में लगी। वो जब गिरे तो उनके बेड का स्टील रॉड उनके सिर में लग गया था। इसके बाद मैं तेजी से घर के लॉन में पहुंचा। उसी रस्सी पर चढ़कर डाल पर आया और रस्सी को खोल लिया। पेड़ के सहारे वह बाहर आ गया और पैदल ही अपने घर पहुंच गया। दरअसल, सौरभ की मां सुनीता और पिता शिवकुमार का एयरफोर्स स्टेशन के अंदर आना-जाना था। 48 साल के शिवकुमार 2007 से एयरफोर्स कमांड में संविदा पर सफाई कर्मचारी हैं। सुनीता चीफ इंजीनियर के घर के पास एक ऊड (डाइरेक्टर स्टेशन ऑफिस) के घर में खाना बनाती हैं।

## संपादकीय

### कैसे रूकेगा राजनीति में बढ़ता अपराध

एक समय था जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ भी होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। वह पैसे के बल पर ही चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांच सितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रूपयों की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आता है। सबको पता है की राजनीति में आज छूट-भैया नेता भी सत्ता की दलाली में पैसा कमा रहे हैं। दलाली के पैसों में बड़े नेताओं का भी हिस्सा होता है। इसीलिए उनकी तरफ कोई अंगुली नहीं उठाता हैं।

चुनाव सुधार पर काम करने वाली एक गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

उपरोक्त आंकड़ों को देखने से लगता है कि हमारे देश की राजनीति में आपराधियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई तो यह देश के लिए एक बड़ा नासूर बन जाएगी। एक समय ऐसा होगा जब राजनीति का पूरी तरह अपराधीकरण हो जाएगा और स्वच्छ छवि के लोग राजनीति से दूर होते चले जाएंगे। ऐसी स्थिति देश के लिए अच्छी नहीं होगी। सरकार को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने होंगे तभी राजनीति में बढ़ती अपराधियों की संख्या पर लगाम लग पाएगी।

## कनीना मंडी में खरीदी गई 23 हजार क्विंटल सरसों, एसडीएम ने मंडी पहुंचकर लिया खरीद कार्य का जायजा

### खरीद एजेंसी तथा मार्केट कमेटी अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** किसान का पीला सोना समझी जाने वाली सरसों फसल की आवक तेज होने ली है। जिसकी व्यवस्था जांचने के लिए मंगलवार को कनीना के एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने निरीक्षण किया। उन्होंने मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह से गेट पास काटे जाने, धर्मकाटें तथा खरीद व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। किसानों से भी बातचीत की। एसडीएम ने खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमासिंह से कहा कि फसल बेचते समय किसानों के सामने कोई परेशानी न आए। उन्होंने खरीद एजेंसी तथा मार्केट कमेटी के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह ने बताया कि कनीना मंडी में 25 मार्च से सरसों की विधिवत रूप से खरीद शुरू हुई थी। 25 मार्च को 29 किसानों से 605 क्विंटल, 26 को 92 किसानों से 1815, 27 को 104 किसानों से 2068, 28 को 114 किसानों से 2106, 29 को 182 किसानों से 3495, 31 मार्च को 289 किसानों से 6358 व एक अप्रैल को 298 किसानों से 6650 क्विंटल सहित 23097 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। खरीदी गई सरसों में से 9 हजार क्विंटल का उठान किया गया है। जिसे कनीना में ही हायर किए गए गोदाम में रखा जा रहा है। उन्होंने किसानों से कहा कि मंडी में साफ-सुथरी तथा सुखी सरसों लेकर आएं। सरसों साफ नहीं होने तथा 8 फीसदी से अधिक नमी होने की स्थिति में सरसों की खरीद नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नकली एवं मिलावटी सरसों पाए जाने पर पुलिस केस दर्ज कराया जाएगा। फिलहाल सरसों की खरीद नैफेड के लिए एनसीसीएफ,नैशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन के माध्यम से स्टेट वेयर हाउस द्वारा की जा रही है।



किसानों की सुविधा के लिए मार्केट कमेटी की ओर से मंडी गेट पर दो धर्मकांटे संचालित किए गए हैं,जिनका निरीक्षण मापतौल विभाग द्वारा करने के बाद प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इसके अलावा मंडी में साफ-सफाई, बिजली-पेयजल, टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। सरसों खरीद होने के 72 घंटे के अंतराल में एजेंसी द्वारा किसानों के खाते में राशि डाली जा रही है। उन्होंने बताया कि सरसों खरीद के लिए प्रदेश में 108 मंडियों में एमएसपी 5950 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से सरसों की खरीद की जा रही है।

कृषि विभाग के एसडीओ डॉ अजय कुमार यादव ने बताया कि कनीना ब्लॉक में करीब 34 हजार हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से 19500 हैक्टेयर भूमि पर सरसों तथा 9500 हैक्टेयर भूमि पर गेहूं की फसल बिजाई की गई थी। सरसों फसल की 60 फीसदी कटाई हो चुकी है जबकि गेहूं की कटाई शुरू की गई है। सप्ताहभर बाद गेहूं मंडी में आने की उम्मीद है।

एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने कहा कि एमएसपी पर उन्हीं किसानों की सरसों खरीदी जा रही है जिन्होंने पोर्टल पर पंजीकरण करवाया हुआ है। किसान निर्धारित मापदंडो के मुताबिक मंडी में सरसों लेकर आएं तो उन्हें व खरीद एजेंसी को परेशानी पेश नहीं आने दी आएगी।

**मार्केट फीस चोरी कर राजस्थान से लायी जा रही सरसों काबू**

मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने वाहन जांच के दौरान राजस्थान से कनीना मंडी लाई जा रही एक टक सरसों काबू की है। ये सरसों यादव टेडिंग कम्पनी की बताई गई है। जिसे अधिकारियों ने अपने कब्जे में लेकर 14875 रूपये की मार्केट फीस तथा 3720 रूपये का जुर्माना ठोका है।

## आरटीए, सीएम फ्लाईंग व माईनिंग विभाग ने एक स्कूल बस सहित 13 औवरलोड वाहनों के 4 लाख के चालान किए

**मंगलवार सुबह कनीना में की गई छापेमारी कार्रवाई से वाहन चालकों में मचा हडकंप**

**कनीना में बनाए गए बाडे में रोके गए जब्त किए गए वाहन**





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** जिले में विभिन्न सडक मार्गों पर सरपट दौडने वाले औवरलोड वाहनों के खिलाफ मंगलवार को आरटीए, सीएम फ्लाईंग व माईनिंग विभाग की संयुक्त टीम ने कनीना क्षेत्र में छापेमारी कर दर्जनभर औवरलोड वाहनों को काबू कर करीब 4 लाख का जुर्माना ठोका वहीं एक स्कूल बस को भी लापवाही से चलाने के आरोप में कब्जे में लिया। जिस पर छह हजार रूपये का जुर्माना फ्रेम किया गया।

उल्लेखनीय है कि पिछले समय से कनीना के विभिन्न मार्गों से औवरलोड वाहन बेरोकटोक गुजर रहे हैं। जिनसे न केवल सडक मार्ग क्षतिग्रस्त होता है बल्कि हादसों को भी बढावा मिला है। औवरलोड वाहनों के कारण रेवाडी जिले की सीमा तक कनीना-कोसली सडक मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिससे सडक हादसों की प्रबल संभावना है। आरटीए विभाग के टीआई बलबीर सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह साढे पांच-छह बजे अटेली मोड टी-प्वाईंट के समीप संयुक्त टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित एक के बाद एक 12 वाहनों को जब्त कर बाडे में रोका गया। जिन पर 4 लाख रूपये को जुर्माना लगाया गया, ई-रवाना व कांटा पर्ची में अंतर मिलने पर 3 वाहनों का माईनिंग का भी चालान किया गया है। ईधर टीम द्वारा छापेमार कार्रवाई की कानोंकान सूचना मिलने पर वाहन चालकों में हडकंप मच गया ओर चालकों ने विभिन्न सडक मार्गों पर वाहन ब्रेक कर दिए। जिससे सडकें सुनसान दिखाई देने लगी।

इसके अलावा कनीना के एक निजी स्कूल बस के चालक द्वारा लापरवाही बरतने पर उसे भी कब्जे में लेकर जुर्माना ठोका। टीम सद्स्यों ने बताया कि जुर्माना राशि अदा करने के बाद वाहनों को बाडे से रवाना किया जाएगा।

इस मौके पर टीम में शामिल सीएमएफएस के लीलाराम,सचिन कुमार, माईनिंग विभाग से निरीक्षक मनीषा सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## होनहार छात्रों को किया गया सम्मानित व निकाली गई प्रवेश उत्सव जागरूकता रैली




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एक अप्रैल मंगलवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर नमक में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य शमीम अहमद ने बच्चों को अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए बधाई देकर उनका उत्साह बढ़ाया और बताया कि सरकार की ओर से बच्चों को सरकारी स्कूलों में हर प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। बच्चे उन सुविधाओं का लाभ लेकर अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। और एस एम सी चेयरमैन इमरान ने भी बच्चों को शिक्षा के लिए मार्गदर्शित किया एवं एस आर एफ फाउंडेशन से कमलेश्वर मिश्रा द्वारा होनहार छात्र छात्राओं को कंप्यूटर सिस्टम भी भेंट किए गए द्य परिणाम घोषित करने के बाद विद्यालय के छात्रों और समस्त स्टाफ के द्वारा गांव में प्रवेश उत्सव के लिए रैली निकालकर गांव के लोगों और बच्चों को स्कूल में नामांकन के लिए जागरूक किया गया। जागरूकता रैली में प्रधानाचार्य शमीम अहमद के साथ एसएमसी चेयरमैन इमरान, साबिर व सीमा शर्मा, राजपाल, राजबाला, एकता, कमल, मनजीत, जाकिर एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## एनपीएस और यूपीएस के स्थान पर सरकार लागू करे पुरानी पेंशन योजना




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति. हरियाणा के आह्वान पर आज जिला कार्यकारिणी नूह ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को पुरानी पेंशन बहाली के अपना ज्ञापन सुरेंद्र उजीना जिला अध्यक्ष बीजेपी को उनके कार्यालय पर सौंपा। इससे पहले विभिन्न संगठनों के तालमेल के साथ सरकारी कमर्चारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए नारे लगाए और सरकार से मांग की वो कर्मचारियों की लंबित मांग को पूरा करें। जिला प्रधान मुंशेद खान ने कहा कि पिछले कई वर्षों से प्रदेश के सरकारी कर्मचारी अपनी सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पुरानी पेंशन नीति की पुन: बहाली की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा विभिन्न मंचों के माध्यम से और सरकार द्वारा गठित कमेटी के समक्ष भी एनपीस की कमियों सरकार के संज्ञान में ला चुकी हैं कि एनपीस किसी भी रुप में कर्मचारी की सामाजिक सुरक्षा को पूरा नहीं करती है ब्लकि इसके विपरीत एनपीस उसका आर्थिक शोषण करती है। हरियाणा सरकार ने भी केंद्र सरकार की तर्ज पर समय समय पर कर्मचारियों की इस महत्वपूर्ण मांग को संज्ञान में लिया है और एनपीस की कमियों को स्वीकारते हुए समय समय पर संशोधन किये है। वर्तमान में केंद्र सरकार ने एनपीस की कमियों को देखते हुए कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए यूपीएस का विकल्प दिया है और आपके द्वारा भी बजट भाषण में हरियाणा सरकार के कर्मचारियों के लिए यूपीएस लागू करने की घोषणा की है परन्तु कर्मचारियों ने पीएफआर डीए द्वारा अधिसूचित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) विनियग, 2025 को अध्ययन करने के उपरांत एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 के तहत पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की तुलना में कई खामियां और चिंताएं मिलीं।

## 1971 के युद्ध में शहीद हुए कनीना के सैनिक सुमेर सिंह के परिजनों को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री द्वारा भेजा गया प्रशस्ति पत्र व स्मृति परिजनों को सौंपा

### सेना के अधिकारियों ने सिटी थाना इंचार्ज की उपस्थिति में परिजनों को दिया सम्मान

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आज से 54 वर्ष पूर्व 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहादत देने वाले सैनिकों के परिजनों को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सम्मानित किया है। यह सम्मान प्राप्त करने वालों में कनीना के शहीद का परिवार भी शामिल है जिन्हें मंगलवार को सिटी पुलिस थाना इंचार्ज की उपस्थिति में सेना के अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।



युद्ध के दौरान 1971 युद्ध मे शहीद हुए कनीना निवासी शहीद सुमेर सिंह को बांग्लादेश देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा प्रशसति पत्र व स्मृति चिन्ह भेजकर सम्मानित किया है। 1831 मीडियम यूनिट, रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल निशिकांत श्रीवास्तव के निर्देश पर कनीना पंहुचे सूबेदार मेजर धर्मबीर सिंह व नायक प्रवीन कुमार ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प भी अर्पित करने के बाद कनीना के सिटी थाना इंचार्ज रविन्द्र सिंह, एएसआई सतीश कुमार, कमल सिंह, सुनील कुमार की उपस्थिति में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा भेजा गया प्रस्तति पत्र व स्मृति चिन्ह को परिजनों को सौंपा। मेजर धर्मवीर सिंह ने बताया की बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा प्रशसति पत्र दिया गया था, जिसे शहीद सुमेर सिंह के परिजनों सुनील कुमार व अन्य को सौंप दिए हैं। शहीद सुमेर सिंह अमर रहे के नारों के बीच सम्मान प्राप्त कर शहीद के परिजन भावुक हो गए।

**बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने भारतीय सेना के 1600 शहीदों का किया सम्मान**

मेजर धर्मबीर सिंह ने कहा कि 1971 में भारत-पाकिस्तान के मध्य युद्ध हुआ था। जिसमें बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी मिली थी। 16 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना के सामने आत्म समर्पण कर दिया। भारतीय सेना का नेतृत्व सैम मानेकशॉ कर रहे थे। बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना द्वारा युद्ध में हिस्सा लेने वाले भारतीय शसस्त्र बलों के 1600 शहीदों के मुखतिजुधों समनाना के साथ सम्मानित करने का फैसला किया गया। 7 अप्रैल 2017 को शहीदों के 7 परिवारों को समनाना क्रेस्ट्स सौंपे थे। उन्होंने कहा कि देश के बहादुर जवानों की बदौलत पाकिस्तान से युद्ध जीता ओर बांग्लादेश को स्वतंत्र कराया था।

## कपूरी व मोडी में मनरेगा से किए गए कार्यों का किया निरीक्षण

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव कपूरी व मोडी में मनरेगा योजना के तहत करवाए गए कार्यों का डीआरडीए के परियोजना अधिकारी गोविंद राम शर्मा ने निरीक्षण किया। उनके साथ एबीपीओ कनीना हेतराम व सरपंच हिम्मत सिंह भी थे। उन्होंने बताया कि कपूरी की ढाणी गोस्वामी से भडफ मार्ग तक ग्रामीणों के आने-जाने में परेशानी होती थी। बीते अक्टूबर माह में इस मार्ग में कच्चा कार्य करवा कर इंटरलॉक टाइलें लगाकर मार्ग तैयार किया है। जिससे ग्रामीणों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है। ईधर मोडी गांव में सरपंच पति रामनिवास ने बताया कि स्टेट फाईनेंस कमीशन फंड से लोकनिर्माण विभाग के रोड से रास्ता पक्का करवाया गया है। लाखों की लागत से हुए कार्य के बाद ग्रामीणों की राह आसान हुई है।

**ध्यानार्थः**

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/


फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

## चैत्र नवरात्र मेले को लेकर महासर शक्तिपीठ में बढने लगी श्रधालुओं की भीड़

### 6 अप्रैल तक आयोजित मेले में सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता प्रबंध



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-अटेली मार्ग स्थित गांव महासर में दुर्गा माता शक्तिपीठ 'महेश्वरी' मंदिर में शुरू हो चुके चैत्र नवरात्र मेले में दूर-दराज से श्रधालुओं की भीड बढने ली है। इस मेले में देश-प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु पंहुचते हैं। मंदिर के व्यवस्थापक रतनलाल शर्मा व सुंदरलाल शर्मा ने बताया कि शक्तिपीठ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। उन्होंने बताया कि सप्तमी के मौके पर आगामी 3-4 अप्रैल को मुख्य मेला आयोजित होगा, इस दौरान मंदिर 24 घंटे खुला रहेगा तथा 6 अप्रैल को रामनवमी पर्व मनाया जाएगा। दुर्गा माता महेश्वरी की कुलदेवी के रूप में पूजा अर्चना की जाती है। श्रधालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के व्यवस्थापक वर्तमान पुजारी द्वारा मंदिर में वर्षभर अखंड भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें श्रधालुओं को प्रसाद वितरण का कार्य प्रतिदिन होता है। मुकेश शर्मा व महेश शर्मा ने बताया कि मेले में दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बिजली-पेयजल सहित ठहराने की नि:शुल्क व्यवस्था की गई हैं। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान यहां पर नवजात शिशु का मुंडन संस्कार तथा नवविवाहित जोड़े की पूजा-अर्चना का विधान है। मेले को लेकर मंदिर में साफ-सफाई पर फोकस किया गया है। प्रशासन की ओर से ड्यूटी मैजिस्टेट की नियुक्ति सहित सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं । मंदिर प्रांगण सहित गर्भगृह में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं वहीं अस्थाई पुलिस चैकी,फायर ब्रिगेड तथा एंबूलेंस व चिकित्सकों की टीम भी अलर्ट मोड पर है। मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से मंदिर के साथ लगते स्वच्छ जल के जलाशय को दूषित ना करने का आहृवान किया हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता
- फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### ओपनएआई ने घिबली-स्टाइल तस्वीरों के लिए बदले नियम, अब रियल वर्ल्ड इमेज का नहीं कर पाएंगे इस्तेमाल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इन दिनों सोशल मीडिया पर भर-भर कर घिबली स्टाइल की तस्वीरे देखी जा रही है। ऐसा कह सकते है कि सोशल मीडिया यूजर्स को अब इन तस्वीरों के माध्यम से अपने आप को देखना कुछ ज्यादा ही अच्छा लगने लगा है। इसी बीच ओपनएआई के चैटजीपीटी ने अपनी स्टूडियो घिबली-स्टाइल की तस्वीरों को लेकर अपनी नीति में बदलाव किया है, जिसके बाद अब यूजर्स घिबली-स्टाइल की तस्वीरें बनाने के लिए रियल वर्ल्ड की तस्वीरों का उपयोग नहीं कर सकते। इसका साफ साफ मतलब है कि अब आप ओपनएआई के चैटजीपीटी के माध्यम से कोई भी असल व्यक्ति या तस्वीर को देखकर घिबली-स्टाइल में तस्वीर नहीं बना सकता। जब भी आप अब चैटजीपीटी के माध्यम से तस्वीर बनाने की कोशिश करेंगे तो इसके लिए चैटजीपीटी इमेज जनरेटर ने एक नया संदेश दिखाना शुरू किया है, जिसमें कहा गया है कि अब वह किसी असल व्यक्ति की तस्वीर से घिबली स्टाइल की तस्वीर नहीं बना सकता। बता दें कि यह बदलाव इस कारण हुआ है कि अब उनकी नई दिशा निर्देश के तहत, असल लोगों की समानता बनाना मना किया गया है। हालांकि, वह अब भी घिबली स्टाइल की तस्वीरें बना सकता है, लेकिन इसके लिए यूजर्स को और अधिक क्रीएटीव जानकारी देनी होगी। जैसे कि, उन्हें हेयरस्टाइल, कपड़े, पृष्ठभूमि, मूड या कोई और खास जानकारी देनी होगी, ताकि वह उसी आधार पर घिबली स्टाइल की तस्वीर बना सके। साथ ही इस मामले में ओपनएआई के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि कंपनी अब कई मामले में सतर्कता अपना रही है, खासकर जब किसी रियल कलाकार के स्टाइल में तस्वीर बनाने की कोशिश की जाती है। हालांकि एक तर्क ये भी है ओपनएआई का यह कदम् ह्व टूल्स के माध्यम से कॉपीराइट उल्लंघन से बचने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा, ओपनएआई ने अपनी इमेज जनरेटर सेवा को मुफ्त यूजर्स के लिए रोलआउट करने में देरी की घोषणा की है, क्योंकि इसे लेकर अधिक मांग आ रही है। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने ट्विटर पर कहा कि इस सेवा की लोकप्रियता उम्मीद से ज्यादा बढ़ गई है, जिससे मुफ्त यूजर्स के लिए इसमें कुछ समय की देरी हो रही है।

### खार्किव पर रूस ने दागे 111 ड्रोन, दो की मौत

**खार्किव, एजेंसी।** यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर रूसी हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हताहतों में वे सदस्य भी शामिल हैं, जिनका इलाज चल रहा था। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि मारे गए लोगों में एक 67 वर्षीय पुरुष और एक 70 वर्षीय महिला शामिल हैं। यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने शनिवार देर रात से हमला करना शुरू किया था। इस दौरान उसने सैन्य अस्पताल, शॉपिंग सेंटर और अपार्टमेंट ब्लॉक को लक्ष्य बनाकर 111 विस्फोटक ड्रोन दागे। हालांकि यूक्रेन ने इनमें से 65 को मार गिराया था। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा, पिछले सप्ताह यूक्रेन के अधिकांश क्षेत्र रूस के निशाने पर थे। 1,310 रूसी ड्रोन विस्फोटक और विभिन्न प्रकार की मिसाइलें यूक्रेन पर दागी गई थीं। मिसाइलों में बैलिस्टिक भी शामिल हैं।

### अमेरिका में टिकटॉक के लिए बहुत खरीदार, समय सीमा से पहले पूरा होगा सौदा, राष्ट्रपति ट्रंप का बयान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी में जारी टिकटॉक विवाद के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि लघु वीडियो ऐप टिकटॉक को बेचने के लिए चीनी कंपनी बाइटडांस के साथ सौदा तय हो जाएगा और यह तय समय सीमा से पहले होगा। बता दें कि ट्रंप ने जनवरी में टिकटॉक को 5 अप्रैल तक का वक्त दिया था कि वह कोई गैर-चीनी खरीदार ढूंढे, अन्यथा उसे अमेरिकी प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा। यह प्रतिबंध 2024 के कानून के तहत उसी महीने से लागू होगा। टिकटॉक की खरीदारी को लेकर रविवार रात अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हमारे पास टिकटॉक के लिए बहुत खरीदार है। उन्होंने एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि टिकटॉक में उनकी बहुत अधिक दिलचस्पी है और मैं इसे अमेरिकी में हमेशा के लिए चालू देखना चाहता हूं। हालांकि ट्रंप के बयान पर टिकटॉक ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। वहीं मामले में मीडिया रिपोर्ट की माने तो शुक्रवार को यह जानकारी मिली कि निजी इक्विटी फर्म ब्लैकस्टोन टिकटॉक के अमेरिकी हिस्से में कुछ निवेश करने पर विचार कर रही है। ब्लैकस्टोन, बाइटडांस के अन्य गैर-चीनी शेयरधारकों, जैसे सस्केहाना इंटरनेशनल ग्रुप और जनरल अटलांटिक के साथ मिलकर टिकटॉक के अमेरिकी व्यवसाय के लिए बोली लगाने की योजना बना रही है। हालांकि इसपर अमेरिका का कहना है कि बाइटडांस के पास टिकटॉक का अधिकार होने के कारण चीनी सरकार को इस ऐप के जरिए अमेरिकी नागरिकों का डेटा इकट्ठा करने और अमेरिका के खिलाफ प्रभाव डालने का मौका मिल सकता है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले कहा था कि अगर टिकटॉक पर कोई समझौता नहीं होता है, तो वह अप्रैल की समयसीमा बढ़ाने के लिए तैयार हैं। हालांकि पिछले हफ्ते उन्होंने यह भी स्वीकार किया था कि चीन इस सौदे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिसमें उसकी स्वीकृति भी शामिल है। इतना ही नहीं ट्रंप ने कहा कि वो टिकटॉक के इस सौदे को पूरा करने के लिए चीन को टैरिफ में थोड़ी छूट भी देने के तैयार हैं।

## भूकंप से गिरी 33 मंजिला इमारत में घुसे चार चीनी हिरासत में; संदिग्ध दस्तावेज चुराने की कोशिश में थे



**बैंकॉक, एजेंसी।** बैंकॉक में शुक्रवार को आए भूकंप में गिरी 33 मंजिला इमारत में अवैध रूप से घुसने पर पुलिस ने चार चीनी नागरिकों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि चारों युवक इमारत से संदिग्ध दस्तावेजों को चुराने की कोशिश कर रहे थे। चारों के पास से 32 संदिग्ध दस्तावेज भी मिले हैं। पुलिस ने चारों युवकों से पूछताछ शुरू कर दी है। बैंकॉक में भूकंप के झटकों से एक निर्माणाधीन ऊंची इमारत देखते ही देखते धराशायी हो गई थी। 33 मंजिला इमारत थाईलैंड के राज्य लेखा परीक्षा कार्यालय (एसएओ) की थी। इस इमारत को बना रही चीन समर्थित फर्म के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। बैंकॉक के गर्वनर ने इमारत वाले क्षेत्र को आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया है। साथ ही यहां पर बिना अनुमति के किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ब्यूरो के डिप्टी कमिश्नर, पुलिस मेजर जनरल नोपासिन पूलस्वात ने कहा कि भूकंप से गिरी इमारत के पिछले हिस्से से अवैध रूप 32 फाइलों को हटाने के आरोप में चार चीनी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कहा कि सूचना मिली थी कि कुछ लोग साइट से दस्तावेज हटा रहे हैं। इसके बाद घटनास्थल पर एक संदिग्ध चीनी व्यक्ति मिला। उसने पूछताछ में बताया कि वह निर्माण परियोजना का परियोजना प्रबंधक है। हालांकि उसके पास वैध वर्क परमिट भी मिला। इसके बाद पकड़े अन्य तीनों चीनी युवकों से कागजात जब्त किए गए। तीनों ने पुलिस को बताया कि वे इटालियन-थाई डेवलपमेंट पीएलसी (आईटीडी) के तहत एक ठेकेदार के लिए काम करते थे। वे बीमा दावे के लिए आवश्यक दस्तावेज लेने के लिए वहां गए थे। पूछताछ पूरी करने के बाद पुलिस ने संदिग्धों को अस्थायी रूप से रिहा कर दिया। इसके बाद चीनी नागरिकों के खिलाफ निर्माण स्थल में प्रवेश करके और इमारत से ब्लूप्रिंट और अन्य दस्तावेज निकालने के आरोप में शिकायत दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि चारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**चीन से है इमारत का कनेक्शन :** 33 मंजिला इमारत थाईलैंड के राज्य लेखा परीक्षा कार्यालय (एसएओ) की थी। दो अरब से अधिक बहत (45 मिलियन पाउंड) की लागत से तीन साल से यहां कार्यालय का निर्माण किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि एसएओ भवन की इमारत के निर्माण को लेकर इटालियन-थाई डेवलपमेंट पीएलसी (आईटीडी) और चाइना रेलवे नंबर 10 (थाईलैंड) लिमिटेड में अनुबंध हुआ था। चाइना रेलवे नंबर 10 (थाईलैंड) चीन के बड़े इंजीनियरिंग ग्रुप की सहायक कंपनी है, इसके पास 49 फीसदी हिस्सेदारी है।

**डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद पलटवार को तैयार ईरान, हमले के लिए भूमिगत मिसाइल लॉन्चर किए लोड : तेहरान, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद ईरान ने हमले की तैयारी शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने भूमिगत मिसाइल लॉन्चर लोड कर दिए है। डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगर ईरान परमाणु कार्यक्रम पर समझौता नहीं करता है तो उस पर बमबारी की जाएगी।

एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया कि ईरान की सभी मिसाइलें भूमिगत मिसाइल शहरों में लॉन्चरों पर लोड हो चुकी हैं। मिसाइलें लॉन्च के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अमेरिकी सरकार और उसके सहयोगियों को भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। ईरान ऑब्जर्वर की रिपोर्ट के अनुसार ईरानी अधिकारियों ने भूमिगत बंकरों का विवरण देते हुए कई वीडियो जारी किए हैं। ये बंकर खेबर शेकन, हज कासिम, गदर एच, सेज्जिल और इमाद जैसे हथियारों से लैस हैं। इससे पहले ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा था कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम में अमेरिका के साथ सीधी बातचीत में शामिल नहीं होगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अगर ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका के साथ समझौता नहीं करता तो उस पर बमबारी की जाएगी। अपनी आक्रामक टैरिफ नीतियों के कारण लगातार चर्चा में बने हुए ट्रंप ने ईरान पर भी अतिरिक्त शुल्क लगाने की चेतावनी दी। ट्रंप ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, अमेरिकी और ईरानी अधिकारियों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन फिलहाल वे इस संबंध में विस्तार से नहीं बता सकते। ट्रंप ने यह भी बताया कि उन्होंने चार साल पहले भी ऐसा किया था। अमेरिका ने पहले भी दी है सैन्य परिणाम भुगतने की चेतावनी, ईरान बेपरवाह बता दें कि ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल (2017-2021) में ईरान की विवादित परमाणु गतिविधियों के कारण सख्त पाबंदियां लगाई थीं। उन्होंने 2015 में हुए ईरान और विश्व शक्तियों के समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था।

## यूरोप के स्पेस प्रोग्राम को लगा तगड़ा झटका, सिर्फ 40 सेकंड में ही धरती पर गिरा रॉकेट



**बर्लिन, एजेंसी।** यूरोप की अंतरिक्ष परियोजना को बड़ा झटका लगा है। जर्मनी की बवेरियन इसार एयरोस्पेस कंपनी का अंतरिक्ष रॉकेट उड़ान भरने के 40 सेकंड बाद ही धमाके के साथ धरती पर आ गिरा। दुर्घटना के कारण अंतरिक्ष रॉकेट में भीषण आग लग गई। इस बारे में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यूरोप में उपग्रह प्रक्षेपण कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए रॉकेट को नॉर्वे के आर्कटिक एंडोया अंतरिक्ष बंदरगाह से प्रक्षेपित किया गया। इस रॉकेट का वजन एक मीट्रिक टन था, जिसे छोटे और मध्यम आकार में डिजाइन किया गया था। रॉकेट उड़ान भरने के मात्र 40 सेकंड के भीतर ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया और जमीन पर गिरते ही विस्फोट के साथ उसमें आग लग गई। इसार एयरोस्पेस कंपनी को मिला डेटा मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूरोप से एक अंतरिक्ष रॉकेट को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित करने का प्रयास किया गया। स्वीडन और ब्रिटेन सहित कई देशों ने इस मिशन में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की थी। रॉकेट के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भी इसार एयरोस्पेस कंपनी को महत्वपूर्ण डेटा प्राप्त हुआ है, जो भविष्य के मिशनों में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। कंपनी ने पहले ही यह आशा व्यक्त की थी कि रॉकेट दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा। इसार एयरोस्पेस के सह-संस्थापक और सीईओ डैनियल मेट्ज़लर ने रॉकेट लॉन्च से पहले कहा था कि हमारे लिए हर उड़ान बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे अनुभव और डेटा मिलता है। यहां तक ??कि 30 सेकंड की उड़ान भी बहुत बड़ी सफलता होगी। हालांकि, कंपनी को उम्मीद थी कि यह रॉकेट अंतरिक्ष तक नहीं पहुंच पाएगा।

## मस्क ने दो मतदाताओं को दिए एक मिलियन डॉलर के चेक

**विस्कॉन्सिन, एजेंसी।** अमेरिका के विस्कॉन्सिन में होने वाले सुप्रीम कोर्ट चुनाव में टेक दिग्गज एलन मस्क खूब दखल दे रहे हैं। अपने खेमे न्यायाधीशों को जिताने के लिए मस्क पर आरोप लगे हैं। डेमोक्रेट नेता ने आरोप लगाया कि मस्क ने चुनाव से पहले दो मतदाताओं को एक मिलियन डॉलर के चेक सौंपे। साथ ही उनको अपने राजनीतिक समूह के प्रवक्ता घोषित किया। इसे लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। हालांकि अरबपति ने इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एजेंडे और सभ्यता के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। मस्क ने न्यायिक दौड़ को देश के लिए महत्वपूर्ण बताया। मस्क ने कहा कि सदन में बहुमत अब बहुत कम रह गया है। एक अदालत ने राज्य के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल द्वारा मस्क को दो मतदाताओं को चेक सौंपने से रोकने के आखिरी मिनट के प्रयास को सुनने से इनकार कर दिया। दो निचली अदालतों ने डेमोक्रेट जोश कौल की कानूनी चुनौती को पहले ही खारिज कर दिया था। इसमें कहा गया था कि मस्क का प्रस्ताव राज्य के कानून का उल्लंघन करता है। वहीं राज्य के सुप्रीम कोर्ट ने मामले को मूल कार्रवाई के रूप में लेने से इनकार कर दिया। अदालत ने अपने फैसले के लिए कोई तर्क नहीं दिया। मस्क के वकीलों ने भी अदालती दस्तावेजों में तर्क दिया कि भुगतान का उद्देश्य कार्यकर्ता न्यायाधीशों के विरोध में जमीनी स्तर पर आंदोलन उत्पन्न करना है।


## इस्राइल के जहाज को निशाना बनाने की धमकी पर यमन में अमेरिका का हवाई हमला, हूती विद्रोही की मौत

**दुबई, एजेंसी।** इस्राइल के जहाज को निशाना बनाने की धमकी पर यमन में अमेरिका ने हवाई हमला किया है। हूती विद्रोहियों ने कहा कि यमन की राजधानी सना के आसपास रविवार रात से लेकर सोमवार सुबह तक हवाई हमले किए गए। इसमें एक हूती विद्रोही की मौत हो गई। विद्रोहियों ने कहा कि यह अब तक के सबसे तेज हमले थे।

विद्रोहियों ने कहा कि 2014 से हूतियों के कब्जे वाली यमन की राजधानी सना के आसपास हुए हमलों में चार अन्य घायल भी हुए। यहां एक वीडियो फुटेज में बमों के धमाके के बाद घरों में बिखरे कांच प्रसारित किए, लेकिन हमलों के लक्ष्यों को नहीं दिखाया गया।

इससे पहले अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की थी। यह बमबारी राजधानी सना और उत्तर पश्चिम में स्थित सादा शहर में की गई। बमबारी के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हूती विद्रोहियों को धमकी दी और कहा कि वे उन्हें पूरी तरह से तबाह कर देंगे। ट्रंप ने साथ ही ईरान को भी चेताया और ईरान पर हूती विद्रोहियों की मदद करने का आरोप लगाया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा था कि हूतियों को इस बमबारी में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। यह धीरे-धीरे बदतर होता जाएगा। यह बराबरी की लड़ाई भी नहीं है और ना कभी होगी। उन्हें पूरी तरह से तबाह कर देंगे। ट्रंप ने हूतियों को हथियार देने के लिए ईरान को चेतावनी भी दी और दावा किया कि



ईरान ने हूतियों को सैन्य आपूर्ति कम कर दी है, लेकिन उसे इस पूरी तरह से बंद कर देना चाहिए।

अब तक 59 लोग मारे गए हूतियों का कहना है कि अब तक हुए हवाई हमलों में 59 लोग मारे गए हैं। पिछले दिनों जब हूतियों ने गाजा पट्टी में सहायता सामग्री को रोकने के लिए इस्राइली जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी तो अमेरिका ने हमले शुरू किए। ईरान पर हूतियों के समर्थन के लगते हैं आरोप ईरान पर लंबे समय से हूतियों की मदद करने के आरोप लग रहे हैं।

हूति यमन के अल्पसंख्यक शिया जैदी समुदाय के लोग हैं। इस वर्ग ने साल 1962 तक करीब हजार साल तक यमन पर राज किया। हालांकि ईरान इन आरोपों को बेबुनियाद बताकर खारिज करता रहा है। इस्राइल और हमास की लड़ाई के बाद हूतियों पर लाल सागर के इलाके में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाने के आरोप लगे। इस दौरान हूतियों ने करीब 100 व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया और दो जहाजों को डुबो दिया और चार नाविकों की हत्या की।

## बांग्लादेश में स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को मिटाना जारी, मुक्ति युद्ध के भित्तिचित्र को किया गया ध्वस्त



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले में मुक्ति संग्राम स्मारक मंच के भित्ति चित्र को स्थानीय अधिकारियों के निर्देश पर ध्वस्त कर दिया गया। कुछ दिनों पहले देश के स्वतंत्रता दिवस पर इसे कपड़े से ढंक दिया गया था। रविवार सुबह से शाम तक मजदूरों ने भित्ति चित्र को ध्वस्त किया। स्थानीय मीडिया से बात करते हुए मजदूरों ने बताया कि वे लालमोनिरहाट के डिप्टी कमिश्नर के निर्देश पर भित्ति चित्र को ध्वस्त कर रहे थे।

भित्तिचित्र में 1950 के दशक के भाषा आंदोलन की पृष्ठभूमि, 7 मार्च का ऐतिहासिक भाषण, स्वतंत्रता संग्राम, मुजीबनगर सरकार का गठन, स्वतंत्र भूमि पर नए सूर्य का उदय, पाकिस्तान द्वारा 1971 का नरसंहार, विजय की खुशी में झूमते वीर स्वतंत्रता सेनानी, सात महान नायक, पाकिस्तानी सेना का आत्मसमर्पण, राष्ट्रीय ध्वज थामे उत्साही भीड़ और कई अन्य ऐतिहासिक क्षणों को दर्शाया गया था।

प्रमुख बांग्लादेशी दैनिक द ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल बांग्लादेश (टीआईबी) ने कहा कि संगठन निश्चित रूप से इस कदम का विरोध करेगा। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के बांग्लादेश क्षेत्र समन्वयक मोहम्मद मोर्शेद आलम ने कहा, हमने पहले भी मुक्ति संग्राम के भित्ति चित्र को ढंकने का विरोध किया था...हम आगे भी इसका विरोध करेंगे। बता दें हाल ही में, बांग्लादेश के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस भित्ति चित्र को कपड़े से ढक दिया गया था। इसकी देशभर में लोगों ने कड़ी आलोचना की थी और इसे बंगाली राष्ट्र के इतिहास में बेशर्म हस्तक्षेप करार दिया था। स्थानीय मीडिया ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से कहा कि उन्होंने छात्र संगठन स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी) की मांग के जवाब में भित्ति चित्र को ढक दिया था। एसएडी ने अन्य छात्र संगठनों के साथ मिलकर जुलाई में हिंसक विद्रोह का नेतृत्व किया था जिसकी वजह से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़ देश से भागना पड़ा था। लालमोनिरहाट जागरूक नागरिक समिति (सोनक) ने मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के इस कदम की कड़ी निंदा की और इसका विरोध किया।

## यूक्रेन कभी नाटो का सदस्य नहीं बनने वाला, समझौते पर बातचीत की पेशकश के बीच डोनाल्ड ट्रंप की दो टूक

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर खनिज समझौते और नाटो सदस्यता को लेकर यूक्रेन के इरादे जाहिर किए। उन्होंने कहा कि अगर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की समझौते से पीछे हटने की कोशिश करते हैं तो उनको बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन कभी नाटो का सदस्य बनने वाला नहीं है। यूक्रेन के समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने के पीछे नाटो सदस्यता पाने की मंशा को ट्रंप ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की एक सौदा करना चाहते हैं। लेकिन मैं देख रहा हूं कि वह खनिज समझौते से पीछे हटने की कोशिश कर रहे हैं। अगर वह ऐसा करते हैं तो कुछ बड़ी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। हमने दुर्लभ खनिज समझौता किया है। जेलेंस्की ने फिर से बातचीत की पेशकश की है। वह नाटो का सदस्य बनना चाहते है। वैसे वह कभी भी नाटो का सदस्य नहीं बनने वाले। वह इसे समझते हैं।

वहीं पुतिन के साथ संबंधों को लेकर ट्रंप ने कहा कि हम हमेशा से अच्छे से साथ हैं। मुझे नहीं लगता कि वे अपनी बात से पीछे हटने वाले हैं। मैं उनको लंबे समय से जानता हूं। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन को चेतावनी दी कि अगर यूक्रेन के साथ युद्धविराम समझौता नहीं हुआ तो वह रूस पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाएंगे। सभी प्रकार के तेल पर 25 से 50 फीसदी



टैरिफ लगाया जाएगा। उन्होंने कहा, जो भी रूस से तेल खरीदेगा, वह अमेरिका में केवल तेल ही नहीं, बल्कि अपना कोई भी उत्पाद नहीं बेच सकेगा। हालांकि, उन्होंने इस बात को दोहराया कि उनके और पुतिन के संबंध बहुत अच्छे हैं।

18 मार्च को ट्रंप और पुतिन ने की थी बातचीत ट्रंप और पुतिन ने 18 मार्च को फोन पर बात की थी। अपने चुनाव अभियान के दौरान, ट्रंप ने यूक्रेन में युद्ध को हल करने की कसम खाई थी, इसे अपनी पहली विदेश नीति प्राथमिकता बताया था। वहीं पिछले हफ्ते रूस और यूक्रेन युद्धविराम पर सहमत हुए थे, जिससे काला सागर में सुरक्षित मार्ग उपलब्ध हो सकेगा और एक दूसरे के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों को रोका जा सकेगा।

## अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए 6.8 अरब डॉलर के अतिरिक्त बजट का प्रस्ताव

**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की सरकार ने रविवार को राजनीतिक अनिश्चितताओं और विनाशकारी जंगल की आग से प्रभावित अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए कम से कम 10 ट्रिलियन वॉन (6.8 अरब अमेरिकी डॉलर) के अनुपूरक बजट का प्रस्ताव किया है। वित्त मंत्री चोई सांग-मोक ने आर्थिक मंत्रियों की आपातकालीन बैठक में कहा कि सरकार लगभग 10 ट्रिलियन वॉन के अतिरिक्त बजट के लिए दबाव बनाने की योजना बना रही है, जिसे उन्होंने सबसे जरूरी लंबित मुद्दों को हल करने में मदद करने के लिए आवश्यक बताया। अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्रालय के अनुसार, पूरक बजट आपदाओं और दुर्घटनाओं का जवाब देने, व्यापार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्षमताओं को मजबूत करने और लोगों की आजीविका के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए खर्च किया जाएगा। देश में अब तक की सबसे विनाशकारी जंगल की आग पर लगभग काबू पा लिया गया है, लेकिन इसने लगभग 48,000 हेक्टेयर भूमि को जला दिया है, जो 2,600 से अधिक फुटबॉल मैदानों के बराबर है। देश के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों में जंगल की आग से कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। अर्थव्यवस्था के लिए उप प्रधानमंत्री के रूप में कार्यरत चोई ने कहा, जंगल की आग के बाद की रिकवरी के प्रयासों के अलावा, सरकार को डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के बड़े टैरिफ से उत्पन्न अनिश्चितताओं



से निपटने और तेजी से बदलते एआई उद्योग में नेतृत्व के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए धन लगाने की आवश्यकता है। गत 3 दिसंबर को राष्ट्रपति यूं सुक योल द्वारा अल्पकालीन मार्शल लॉ लागू किए जाने के बाद अर्थव्यवस्था के लिए राजनीतिक अनिश्चितताएं एक बड़ी अनिश्चितता बनी हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री ने कहा कि यदि सत्तारूढ़ और विपक्षी दल योजना के लिए द्विदलीय समर्थन प्रदान करते हैं, तो सरकार एक विस्तृत अनुपूरक बजट योजना तैयार करेगी और अगले महीने के अंत से पहले इसे नेशनल असेंबली में प्रस्तुत करेगी। चोई ने कहा, जंगल की आग से होने वाले नुकसान से निपटने, बाहरी चुनौतियों का जवाब देने और लोगों की आजीविका को स्थिर करने के प्रयासों की तात्कालिकता को देखते हुए, (दोनों दलों के लिए) अप्रैल के भीतर अनुपूरक बजट पारित करना बहुत महत्वपूर्ण है।

**शंघाई में राकेश चौरसिया के संगीत कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ 800 से अधिक लोग शामिल ह्न शंघाई , एजेंसी।** शंघाई में भारतीय शास्त्रीय संगीत के उस्ताद पूरबायन चटर्जी और राकेश चौरसिया के लाइव संगीत समारोह में 800 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। भारतीय वाणिज्य दूतावास और चैती आर्ट्स फाउंडेशन की ओर से शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में चौरसिया ने रागों और मधुर धुनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। वाणिज्य दूतावास ने बताया कि यह आयोजन दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का एक प्रयास था। इस अवसर पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने कहा कि कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ भारत और चीन के बीच ऐतिहासिक संबंधों व प्राचीन बंधनों को दर्शाती है।

# पीएफ ऑटो-क्लेम लिमिट बढ़कर हुई 5 लाख

**- क्लेम सेटलमेंट की अवधि भी अब 10 दिन की बजाय 3-4 दिन में हो जाएगी**

**नई दिल्ली ।**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने 7.5 करोड़ सदस्यों के लिए एक बड़ी खुशखबरी दी है, जिसमें पीएफ निकासी की ऑटो सेटलमेंट लिमिट को 5 लाख रुपए तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही क्लेम सेटलमेंट की अवधि भी अब 10 दिन की बजाय 3-4 दिन में हो जाएगी। नए बदलाव के तहत ईपीएफओ के सदस्य अब शादी, शिक्षा और घर खरीदने के लिए भी पीएफ ऑटो-क्लेम की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यह सुविधा पहले केवल बीमारी और अस्पताल के खर्च के लिए ही उपलब्ध थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह निर्णय श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा के अध्यक्षता में केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की 113वीं बैठक में लिया गया था जो 28 मार्च को श्रीनगर में हुई थी। सीबीटी से मंजूरी मिलने के बाद, यह सुविधा जल्द ही शुरू हो जाएगी और कर्मचारी आसानी से अपना पीएफ निकाल सकेंगे। इसके साथ ही अब 95 फीसदी क्लेम ऑटो-प्रोसेस होंगे और कर्मचारियों को पीएफ का पैसा तुरंत मिलेगा।




ईपीएफओ के अनुसार, इस कदम से कागजी कार्यवाही कम होगी और भविष्य निधि निकालने की प्रक्रिया भी तेज होगी। इस नए बदलाव के साथ, सदस्य यूपीआई और एटीएम के माध्यम से मई या जून के अंत तक तत्काल पीएफ निकाल सकेंगे। श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता डावरा ने बताया कि सदस्य सीधे यूपीआई प्लेटफॉर्म पर अपना पीएफ बैलेंस भी देख सकेंगे और बिना किसी देरी के अपने पसंदीदा बैंक खातों में फंड ट्रांसफर कर सकेंगे। यह नए बदलाव कर्मचारियों के लिए जरूरत के समय अपने पैसे तक पहुंचने में मदद करेगा।

# सीएनजी के बढ़ सकते हैं भाव, सरकार ने बढ़ाई नेचुरल गैस की कीमतें

**- एपीएम गैस की कीमत 6.50 डॉलर प्रति यूनिट बढ़ाकर 6.75 डॉलर प्रति यूनिट**

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने प्रशासित मूल्य प्रणाली (एपीएम) के दायरे में आने वाले पुराने क्षेत्रों से उत्पादित प्राकृतिक गैस की कीमत में 4 प्रतिशत बढ़ा दी है। इन क्षेत्रों से उत्पादित गैस सीएनजी, बिजली और उर्वरक के उत्पादन के लिए प्रमुख कच्चा माल है, जिससे एपीएम गैस के दाम बढ़ने से सीएनजी भी महंगी हो सकती है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) की एक अधिसूचना में कहा गया है कि एपीएम गैस की कीमत एक अप्रैल से 6.50 डॉलर प्रति यूनिट (एमएमबीटीयू) से बढ़ाकर 6.75 डॉलर प्रति यूनिट कर दी गई है। एपीएम गैस सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) द्वारा उन क्षेत्रों से उत्पादित की जाती है, जो उन्हें नामांकन के आधार पर दिये गये थे। इन क्षेत्रों से उत्पादित गैस का उपयोग कच्चे माल के रूप में पाइप के जरिये रसोई गैस (पीएनजी) के साथ-साथ वाहन चलाने के लिए सीएनजी और उर्वरक तथा बिजली उत्पादन के लिए किया जाता है। यह दो साल में एपीएम गैस की कीमत में पहली वृद्धि है।

अप्रैल, 2023 से पहले, प्रशासित मूल्य तंत्र (एपीएम) व्यवस्था के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमत एक फार्मूले के आधार पर छमाही आधार पर निर्धारित की जाती थी। यह निर्धारण चार गैस व्यापार केंद्रों पर औसत अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आधार पर फॉमूले के तहत होता था। एपीएम गैस की हिस्सेदारी कुल घरेलू गैस उत्पादन में 70 प्रतिशत है. एपीएम गैस शहर के गैस वितरकों को सीएनजी और घरों में पाइप के जरिये रसोई गैस की आपूर्ति के लिए प्रदान की जाती है। यह उनकी बिक्री मात्रा का 60 प्रतिशत हिस्सा है.

# भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों 100 फीसदी टैरिफ लगाता है, अब रिसिप्रोकल टैरिफ की बारी अमेरिका

**- डॉनल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल से लागू कर सकता है एक नई 'रिसिप्रोकल टैरिफ' पॉलिसी**



**नई दिल्ली ।**

व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाता है, और कनाडा अमेरिकी मक्खन और चीज़ पर लगभग 300 फीसदी शुल्क वसूलता है। इससे अमेरिकी उत्पादों का इन बाजारों में आयात करना लगभग असंभव हो जाता है और बीते कई दशकों में इससे कई अमेरिकी व्यवसाय बंद हुए हैं और लोगों की नौकरियां चली गई हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित रिसिप्रोकल टैरिफ नीति के लागू होने में सिर्फ एक दिन बाकी है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों द्वारा लगाए गए ऊंचे शुल्क अमेरिकी उत्पादों को उन देशों में निर्यात करना लगभग असंभव बना देते हैं। ट्रंप ने भारत और अन्य देशों द्वारा अमेरिकी सामान पर लगाए जाने वाले ऊंचे टैरिफ की बार-बार आलोचना की है। कैरोलिन लेविट ने कहा` कि दुर्भाग्य से इन देशों ने बहुत लंबे समय से हमारे देश का शोषण किया है और मुझे लगता है कि उन्होंने अमेरिकी कामगारों के प्रति अपनी उपेक्षा को बहुत साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर आप अनुचित व्यापार प्रथाओं को देखें यूरोपियन यूनियन अमेरिकी डेयरी उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाता है, जापान अमेरिकी चावल पर 700 फीसदी तक का शुल्क लेता है। डॉनल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल से एक नई 'रिसिप्रोकल टैरिफ' पॉलिसी लागू करने की योजना बनाई है, जिसे वह अमेरिका के लिए मुक्ति दिवस बता रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि 2 अप्रैल से रिसिप्रोकल टैरिफ पॉलिसी बिना किसी अपवाद के सभी देशों पर लागू होंगे।

# एआई विस्तार के लिए ओपनएआई 40 अरब डॉलर जुटाएगा

**- फंडिंग राउंड का नेतृत्व जापानी निवेश फर्म सॉफ्टबैंक ग्रुप करेगा**




**नई दिल्ली ।**

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) सेक्टर की प्रमुख कंपनी ओपनएआई ने घोषणा की कि वह 300 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर 40 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाने पर` विचार कर रही है। इस फंडिंग राउंड का नेतृत्व जापानी निवेश फर्म सॉफ्टबैंक ग्रुप करेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फंडिंग का उद्देश्य एआई रिसर्च को आगे बढ़ाना, कंप्यूटेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना और कंपनी के टूल्स को और और बेहतर बनाना है। रिपोर्ट के मुताबिक इस राउंड में कुल निवेश का 75 प्रतिशत हिस्सा सॉफ्टबैंक की ओर से आएगा।

बाकी की राशि माइक्रोसाफ्ट, कोटक मैनेजमेंट, ऐ ल्टिमेटर कैपिटल और थ्राइव कैपिटल जैसे निवेशकों द्वारा दी जाएगी। ओपनएआई ने कहा है कि वह हर हफ्ते चेटजेपीटी का इस्तेमाल करने वाले 50 करोड़ यूजर्स के लिए और भी पावरपूल टूल्स उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहा है। हाल के वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर को लेकर निवेशकों का उत्साह तेजी से बढ़ा है, जिसकी वजह चैटबॉट्स का व्यापक उपयोग और एडवांस एआई एजेंट्स का उभरना है। कंपनियों ने अपने कामकाज को अधिक सुचारु बनाने और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर करने के लिए एआई सॉल्यूशंस को अपनाना शुरू कर दिया है। वहीं वेंचर कैपिटल फर्म उभरते हुए होनहार एआई स्टार्टअप्स में निवेश के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। सैन फ्रांसिस्को स्थित ओपनएआई ने पिछले अक्टूबर में 6.6 अरब डॉलर की फंडिंग राउंड पूरी की थी, जिसमें कंपनी का मूल्यांकन 157 अरब डॉलर हुआ था। नई फंडिंग राउंड कंपनी के वैल्यूएशन को लगभग दोगुना कर देगी।

# इंडसंड बैंक में सरकारी बैंकों का निवेश, सीडी बाजार का सहारा लिया

**- नेटवर्थ में 2.35 प्रतिशत का विपरीत असर पड़ा**

**नई दिल्ली ।**

बैंकिंग सेक्टर में एक नया मुद्दा उभरा है जब इंडसइंड बैंक ने अपने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में गड़बडियां पाने के इस्तीफे के बाद सीडी बाजार का सहारा लिया। इस बारीकी से समझाया जा रहा है कि इसके साथ जुड़े सरकारी बैंकों को भी इस असमंजस का सामना करना पड़ा है। मार्च में, इंडसइंड बैंक ने अपनी सीडी से 16,550 करोड़ रुपये जुटाए, वहीं बाजार में जोरादार प्रतिशत दरों के साथ। इस निवेश के संदर्भ में एक बड़े बैंक के ट्रेजरी अधिकारी ने कहा कि इंडसइंड के सीडी पर जिन दरों की पेशकश की गई थी, हर कोई उसमें निवेश करना चाहेगा। यह निवेश सरकारी बैंकों के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ, खासकर उनको उधारी की लागत को कम करने में मदद मिली।

हालांकि, बैंक के इंटरनल ऑडिट में दर्ज गड़बड़ियों ने लोगों को चौंकाया, जिससे उसके नेटवर्थ में 2.35 प्रतिशत का विपरीत असर पड़ा है। इससे वह धन जुटाने के लिए उसकी सीडी को सबस्क्राइब करने वाले इन्वेस्टर्स भी परेशान हो रहे हैं। बैंकिंग सेक्टर में इस असमंजस का मामला गहराता जा रहा है, क्योंकि इंडसइंड बैंक के इस चिंताजनक परिस्थिति ने सरकारी बैंकों को चुनौती दी है।

अब देखना होगा कि कैसे इन संघर्षों का हल निकलता है और बैंकिंग सेक्टर का कैसा होता है प्रभाव।

## ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च में 23,430 वाहनों का पंजीकरण किया

**नई दिल्ली ।**




पिछले माह मार्च में में ओला इलेक्ट्रिक ने 23,430 वाहनों का पंजीकरण किया। कंपनी बयान के अनुसार, दैनिक पंजीकरण की संख्या और लंबित आपूर्ति निपटान में लगातार सुधार हो रहा है। इसमें कहा गया कि हमने फरवरी की लंबित आपूर्ति का लगभग निपटान कर दिया है। उम्मीद है कि फरवरी-मार्च में पंजीकृत अन्य वाहनों की आपूर्ति अप्रैल 2025 तक कर दी जाएगी। ओला इलेक्ट्रिक ने कहा कि उसने मार्च 2025 में अपने 'जेन-3' खंड की आपूर्ति भी शुरू कर दी है। मार्च में उत्पादन बढ़ा दिया था। तेज आपूर्ति और बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए अप्रैल में इसे और बढ़ाना जारी रखेंगे।

## एसबीआई का सर्वर हुआ ठप्प, पैसे ट्रांसफर, मोबाइल बैकिंग और एटीएम सभी में आ रही दिक्कतें

**नई दिल्ली ।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की सेवाएं मंगलवार को अचानक ठप हो गई हैं। अचानक आई दिक्कत के चलते यूजर्स को पैसे ट्रांसफर करने, मोबाइल बैंकिंग करने और एटीएम तक की सेवाएं यूज करने में दिक्कत आई। इस पर एसबीआई ने बयान में इस दिक्कत का जिक्र किया है। बैंक ने बताया कि एनुअल क्लोजिंग गतिविधि के चलते इसकी सेवाएं दोपहर 1 बजे से लेकर शाम के 4 बजे तक प्रभावित रहेंगी। एसबीआई ने बताया है कि 1 अप्रैल को इसकी सेवाएं प्रभावित रहने के दौरान यूजर्स को यूपीआई लाइट और एटीएम यूज करने की सलाह दी जाती है। प्लेटफॉर्म्स और वेबसाइट्स के डाउनटाइम को मॉनीटर करने वाली सेवा ने बताया है कि सैकड़ों यूजर्स ने इस बारे में रिपोर्ट किया और कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर लिखा। रिपोर्ट करने वाले ज्यादातर यूजर्स को मोबाइल बैंकिंग के दौरान दिक्कत आई। वहीं, करीब 31 प्रतिशत को फंड्स ट्रांसफर करने में परेशानी हुई। साथ ही एटीएम सेवाएं भी कई यूजर्स के लिए प्रभावित हुई हैं। फिलहाल, बैंक की ओर से जारी बयान के मुताबिक शाम के बाद सेवाएं पहले की तरह ठीक से काम करने लगेंगी।

## बैंकों की वार्षिक खाताबंदी के कारण मुद्रा, बॉण्ड बाजार बंद

**मुंबई ।** बैंकों की वार्षिक खाता बंदी के कारण मंगलवार 1 अप्रेल को मुद्रा और बॉण्ड बाजार बंद हैं। कमजोर एशियाई मुद्राओं तथा स्थानीय कंपनियों की ओर से मजबूत डॉलर मांग के दबाव में भारतीय रुपया पिछले कारोबारी दिन 0.03 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 83.40 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## रॉयल एनफील्ड की बिक्री मार्च में 34 प्रतिशत बढ़कर 1,01,021 इकाई

**नई दिल्ली ।** मीडिया साइज की मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की मार्च में कुल बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 1,01,021 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 75,551 इकाई रही थी। रॉयल एनफील्ड ने मंगलवार को बयान में कहा कि घरेलू बिक्री पिछले महीने 88,050 इकाई रही, जो मार्च 2024 की 66,044 इकाई से 33 प्रतिशत अधिक है। निर्यात भी 36 प्रतिशत बढ़कर 12,971 इकाई हो गया, जबकि मार्च 2024 में यह 9,507 इकाई रहा था। कंपनी के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में उसने 10 लाख इकाई का आंकड़ा पार करते हुए अपनी अब तक की सबसे अधिक वार्षिक बिक्री दर्ज की। वित्त वर्ष 2024-25 में उसकी कुल बिक्री 10,09,900 इकाई रही जो वित्त वर्ष 2023-24 की 9,12,732 इकाई से 11 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू बिक्री 9,02,757 इकाई रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 की 8,34,795 इकाई से आठ प्रतिशत अधिक है। निर्यात भी सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 1,07,143 इकाई हो गया। रॉयल एनफील्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह वर्ष रॉयल एनफील्ड के लिए बेहतरीन रहा है। वार्षिक बिक्री में 10 लाख का आंकड़ा पार करना इस बात का प्रमाण है कि हमने क्या कुछ हासिल कर लिया है।

## सोने के दामों में 38 फीसदी तक गिरावट की संभावना

**- 55,496 रुपये प्रति 10 ग्राम हो जाएगा भाव!**

**नई दिल्ली ।** हाल ही में विशेषज्ञों का कहना है` कि आगामी महीनों में सोने की कीमतें 38 फीसदी तक गिर सकती हैं, जो एक बड़े परिवर्तन के संकेत हो सकता है। यह गिरावट के पीछे की वजह वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में बदलाव, केंद्रीय बैंकों की नीतियों का संभावित परिवर्तन, और अमेरिकी डॉलर की मजबूती हो सकती है। भारत में, 31 मार्च को 24 कैरेट सोने का भाव 89,510 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अगर यहां 38त्न की गिरावट आती है, तो यह घटकर 55,496 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। एक अमेरिकी वित्तीय सेवा कंपनी के विश्लेषक जॉन मिल्स का कहना है कि सोने की कीमत 1,820 डॉलर प्रति औंस तक गिर सकती है, जो मौजूदा स्तर से लगभग 38 फीसदी कम होगा। इसके अतिरिक्त, सोने की बढ़ती सप्लाई भी एक महत्वपूर्ण कारक हो सकती है। जब सोने की कीमतें अधिक होती हैं, तो खनन कंपनियां अधिक सोना निकालने लगती हैं। 2024 की दूसरी तिमाही में सोने की खनन कंपनियों का औसत मुनाफा 950 डॉलर प्रति औंस था, जो 2012 के बाद सबसे ज्यादा है। इसके साथ ही पुराने सोने का भी बड़े पैमाने पर पुनः उपयोग किया जा रहा है, जिससे बाजार में सोने की आपूर्ति बढ़ रही है। इससे कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। पिछले कुछ सालों में, केंद्रीय बैंक और निवेशक सोने की खरीदारी कर रहे थे, लेकिन अब उनकी इसमें कमी दिख रही है। 2024 में, केंद्रीय बैंकों ने 1,045 टन सोना खरीदा, लेकिन अधिकांश ने यह संकेत दिया है कि वे अगले साल अपनी गोल्ड होल्डिंग्स घटा सकते हैं। यह सुझाव देता है कि भविष्य में सोने की मांग कम हो सकती है, जिससे कीमतों पर असर पड़ सकता है। 2024 में, सोने के उद्योग में सौदों में 32 फीसदी का इजाफा हुआ है, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि गोल्ड प्राइस अपने शिखर पर हो सकता है। क

# शेयर बाजार भारी गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 1390 , निफ़्टी 353 अंक टूटा**

**निवेशकों के 4 लाख करोड़ डूबे**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी के साथ ही नये वित्त वर्ष की शुरुआत खराब रही। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1390.41 अंक करीब 1.80फीसदी की बड़ी गिरावट लेकर 76,024.51 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी भी अंत में 353.65 अंक तकरीबन 1.50 फीसदी टूटकर 23,165.70 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए। सबसे ज्यादा गिरावट बजाज फिनसर्व में देखने को मिल रही है। इसके अलावा इन्फोसिस, एचडीएफ़सी बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, टीसीएस, सन फार्मा के शेयर प्रमुख रूप से गिरावट में थे।

वहीं इंडसइंड बैंक का 5 फीसदी से ज्यादा की बढ़त लेकर कारोबार कर रहा था। साथ ही जोमाटो, नेस्ले इंडिया, आईटीसी, भारती एयरटेल और पावर ग्रिड के शेयर लाभ में रहे।

बाजार में आई गिरावट से निवेशकों को बड़ा नुकसान हुआ है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटकर 4,09,64,821 करोड़ रुपये पर आ गया जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 41,375,586.20 करोड़ रुपये था। इस तरह इसमें आज 4,10,765 करोड़ रुपये की कमी आई।

इससे पहले ऐसी गिरावट चार साल पहले 2020-21 में आई थी। शेयर बाजार में आई गिरावट इसलिए आयी क्योंकि भारतीय




शेयर बाजार वैश्विक बाजारों के साथ-साथ अमेरिका के टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद सतर्कता बरत रहा था।

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि 2 अप्रैल से बराबरी के शुल्क बिना किसी अपवाद के सभी देशों पर लागू होंगे। ट्रंप ने यह घोषणा ऐसे समय में की है जब भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार करार के लिए शुल्क रियायत पर बातचीत कर रहे हैं।

मंगलवार सुबह एशियाई बाजारों में मजबूती देखने को मिली। वॉल स्ट्रीट में रात भर हुए सुधार का असर एशियाई बाजारों पर भी पड़ा। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.6 फीसदी, ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.34 फीसदी और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.92 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला था। सेंसेक्स 326 अंक की गिरावट के साथ 77,088 और निफ्टी 64 अंक की गिरावट के साथ 23,454 पर कारोबार कर रहा था। बाजार में गिरावट की वजह 2 अप्रैल से अमेरिका द्वारा अपने ट्रेडिंग पार्टनर देशों पर लगाए जाने वाले जवाबी टैरिफ को माना जा रहा है।

## गिरते बाजार में इस ज्वैलरी कंपनी के शेयर ने की बंपर कमाई

**मुंबई ।** नए वित्तीय साल के पहले दिन शेयर बाजार में काफी गिरावट दिखाई दी है। लेकिन गिरावट के बीच तमिलनाडु की कंपनी थान्गामायिल ज्वैलरी के शेयरों में भारी उछाल आया है। इसका कारण कंपनी के प्रमोटरों ने गिरवी रखे शेयर छुड़ा लिए। इससे शेयर की कीमत 2 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गई। बीएसई पर कारोबार के दौरान शेयर की कीमत 2,054.35 तक पहुंच गई। यह स्मॉल-कैप स्टॉक एक साल में 59 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि दो साल में शेयर ने 315 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। बीते पांच साल में इसके शेयर 1,750 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। पिछले दस साल में यह मल्टीबैगर स्टॉक 2,000 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गया है। यह कंपनी रिटेल जूलरी चेन चलाती है और राज्य के कई शहरों में स्टोर चलाती है। थान्गामायिल ज्वैलरी ने बताया कि उसके प्रमोटरों के बैंक के पास गिरवी रखे सभी शेयरों को छूड़ा लिया है। इसका मतलब है कि अब कंपनी के मालिक बिना किसी रोक-टोक के इन शेयरों का इस्तेमाल कर सकते हैं। कंपनी के अनुसार ये शेयर वर्किंग कैपिटल फाइनेंस यस बैंक के पास गिरवी रखे गए थे। दिसंबर 2024 तिमाही के अंत में प्रमोटरों के पास 1,68,13,189 शेयर थे। यह कंपनी की 61.27 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। कंपनी के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार बाकी 1,06,25,975 शेयर यानी 38.73 प्रतिशत हिस्सेदारी पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास थी।

# भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने उपभोक्ता संरक्षण की मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई

**- ग्राहक सेवाओं में सुधार करने की मिशन को बढ़ावा देने का भी आश्वासन दिया**

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को आरबीआई की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में वित्तीय स्थिरता और दक्षता के बीच संतुलन कायम करने के लिए विनियामक ढांचे को लचीला बनाने के साथ-साथ उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने की केंद्रीय बैंक की प्रतिबद्धता का समर्थन किया। गवर्नर ने आरबीआई की भूमिका को बढ़ावा देते हुए कहा कि उसके लक्ष्य हमेशा से से ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से विस्तारित हो गए हैं। मल्होत्रा ने भविष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीय ढांचे को अगले दशक में महत्वपूर्ण तरीके से आकार देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। आरबीआई वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्राहक सेवाओं में सुधार करने की मिशन को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया और एक लचीले नियामक ढांचे की आवश्यकता को उजागर किया। गवर्नर ने आरबीआई का सभी संस्थानिक नियामकों, सरकारों और वित्तीय क्षेत्र के साथ सहयोग करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने वित्तीय




प्रणाली में सुधार के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया और उभरते आर्थिक परिदृश्य में आरबीआई की लचीलेपन को बढ़ाने का प्रयास किया। गवर्नर ने आरबीआई के दृढ़ संकल्प की ज़ोरदारी से व्यक्ति करने की प्रतिज्ञा की और संस्था को हमेशा उत्कृष्टता की दिशा में ले जाने का आश्वासन देते हुए कहा कि एक लचीले, पारदर्शी और सर्वव्यापी भावना में उभरी हुई आरबीआई भारत की आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## ब्रॉडबैंड यूजर्स टेलीकॉम कंपनियों की सेवाओं से नाराज

**- ऑपरेटर बदलने की फिराक में**




**नई दिल्ली ।** इंटरनेट कनेक्शन में आ रही परेशानियों के कारण ब्रॉडबैंड कनेक्शन लेने वाले 62 फ़ीसदी यूजर्स अपने टेलीकॉम ऑपरेटरों से नाराज हैं। वह ऑपरेटर बदलना चाहते हैं। ब्रॉडबैंड कनेक्शन में फाइबर और डिजिटल सब्सक्राइबर दोनों शामिल है। इंटरनेट कनेक्शन में बार-बार रुकावट आने और कम स्पीड मिलने की शिकायत लगभग सभी उपभोक्ता कर रहे हैं। सोशल मीडिया कम्युनिटी प्लेटफार्म पर किए गए एक सर्वे की रिपोर्ट में,उजागर हुआ है। 66 फीसदी उपभोक्ता अपने सर्विस प्रोवाइडर को बदलना चाहते हैं। सर्विस प्रोवाइडर, उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद भी शिकायतों का निवारण नहीं करते हैं। 36 फ़ीसदी उपभोक्ताओं को शिकायत थी। हर महीने उन्हें इसी तरीके की शिकायतों से गुजरना पड़ता है। ऑपरेटर उस पर ध्यान नहीं देते हैं।

# आरसीबी का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** आईपीएल में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) का मुकाबला यहां अपने घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच आरसीबी जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी। इसका कारण है कि उसे घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। वहीं इसके अलावा इस सत्र में उसने अब तक अपने सभी मैच जीते हैं जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। नये कप्तान रजत पाटीदार की कप्तानी में उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उसके अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी अच्छे फार्म में हैं। आरसीबी ने कोलकाता के ईडन गार्डंस पर केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर शानदार शुरूआत की थी।

आंकड़ों पर नजर डालें तो चिन्नास्वामी स्टेडियम पर आईपीएल के अब तक कुल 95 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 41 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है। वहीं बाद में बैटिंग करने वाली टीम 50 मैच में जीत हासिल की है हालांकि 4 मैचों का परिणाम नहीं निकला। इस पिच पर सबसे बड़ा रन 287/3 सनराइजर्स हैदराबाद ने बनाया गया है, जबकि सबसे छोटा स्कोर 82 रन आरसीबी की टीम ने बनाई है। आरसीबी और गुजरात टाइटंस टीम के बीच इस मैदान पर अब तक दो बार भिड़ंत हुई। इस मुकाबले में दोनों टीमों को एक-एक मैच में जीत हासिल हुई।

यहां के सटेडियम में छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड काफी रन बनते हैं पर आरसीबी का मानना है कि उसके तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार यहां बल्लेबाजों पर अंकुश लगा सकते हैं। हेजलवुड और भुवनेश्वर ने अब तक के मैचों में अच्छी गेंदबाजी की है।

वहीं दूसरी ओर गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन गिल और बी साइ सुदर्शन पर टिकी रही। आरसीबी का प्रयास करेगा कि गुजरात के शुरुआत में ही विकेट गिरावट दबाव बनाया जाये। इस मामले में उसके पास स्विंग कराने में माहिर भुवनेश्वर और सटीक




हेजलवुड जैसे गेंदबाज हैं। इसके अलावा युवा तेज गेंदबाज यश दयाल भी इस पिच पर बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

टीम की स्पिन गेंदबाजी हालांकि कमजोर नजर आ रही है। उसके पास क्रुणाल पंड्या और सुयांश शर्मा है जबकि गुजरात के पास स्टार स्पिनर राशिद खान और आर साइ किशोर हैं। ऐसे में आरसीबी के बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान नहीं रहेगा। आरसीब की बल्लेबाजी विराट के आलावा फिल साल्ट, कप्तान रजत पाटीदार और देवदत्त पड्डिकल पर रहेगी। गुजरात के पास कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज जैसे तेज गेंदबाज हैं जिनका सामना आरसीबी के लिये आसान नहीं रहेगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**आरसीबी टीम** = रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), विराट कोहली, फिल साल्ट, लियाम लिविंगस्टोन, देवदत्त पडिक्कल,टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार, यश दयाल.

**गुजरात टाइटंस टीम** = शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, शाहरुख खान, मोहम्मद सिराज, रविश्रीनिवासन साई किशोर, कगिसो रबाडा, प्रिसिध कृष्णा।

## रोहित के हाथों से चीजें निकल रहीं: मांजरेकर




### –लय हासिल करने अपनी ओर से कड़े प्रयास करने होंगे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक हैं। मांजरकेर ने कहा कि रोहित आईपीएल में भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं। इससे साफ है कि अब हालात उनके नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं। ऐसे में अब उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी ताकत लगाकर प्रयास करना होगा। हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा तभी वह लय हासिल कर सकते हैं। वह आईपीएल के शुरुआती दो मैच में सहज नहीं दिखे। मांजरेकर ने कहा, 'रोहित शर्मा एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जिससे साफ है कि वह पहले वाले रोहित नहीं रहे। अब वह अपने करियर के उस जगह पर हैं जहां उन्हें हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा। कड़ी ट्रेनिंग करनी होगी और फिटनेस के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना होगा तभी वह कुछ कर पायें। वह अब भी अपनी नैसर्गिक प्रतिभा पर भरोसा कर रहे हैं जबकि अब वह नहीं रही।

वहीं पिछले दो मैच में रोहित की टीम मुम्बई के प्रदर्शन का आंकलन करते हुए मांजरेकर ने कहा, ' इस टीम से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी रेयान रिकेल्टन को भारतीय पिचों पर ढलने में समय लगेगा। साथ ही कहा कि एबी डिविलियर्स और हेनरिक क्लासेन को छोड़कर बहुत कम दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने भारतीय पिचों पर सफलता हासिल की है इसलिए हमें उन्हें समय देना होगा। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव, रोबिन मिंज और कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ मिलकर बल्लेबाजी क्रम बनाते हैं। हालांकि मुझे लगता है कि यह अब भी पूरी तरह से विश्वसनीय नहीं है और उनमें से बहुत से खिलाड़ी ऐसी पिचों पर निर्भर करते हैं जहां गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है। ऐसे में इन खिलाड़ियों को परेशानी आ सकती है।

## बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध सूची में टॉप पर बने रहेंगे रोहित-कोहली, ईशान के लिए बुरी खरब : रिपोर्ट

**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध में एक बार फिर भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली अपने ए+ ग्रेड अनुबंध को बरकरार रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टी20 प्रारूप से संन्यास लेने के बाद भी रोहित और कोहली ए श्रेणी में बने रहेंगे। हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले श्रेयस अय्यर केंद्रीय अनुबंध सूची में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सूत्रों के मुताबिक इस बात की जानकारी सामने आई है।




सूत्र के हवाले से दी गई एक रिपोर्ट में कहा गया, 'विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को अभी भी केंद्रीय अनुबंध में अपनी वापसी के लिए इंतजार करना होगा। टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के नाबाद रनों में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर अक्षर पटेल को भी पुरस्कृत किया जा सकता है और उनके ग्रेड में सुधार हो सकता है।

पिछले 12 महीनों में भारत के लिए अलग-अलग प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करने वाले वरुण चक्रवर्ती, नीतीश कुमार रेड्डी और अभिषेक शर्मा के पास भी अपना पहला केंद्रीय अनुबंध हासिल करने का शानदार मौका है। भारत की अगली टेस्ट सीरीज इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज होगी जिसकी शुरुआत 20 जून को हेडिंग्ले, लीड्स में होगी। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार दो सीरीज हारने के बाद भारत लंबे प्रारूप में अपना फॉर्म फिर से हासिल करने के लिए बेताब होगा। आगामी बीसीसीआई बैठक भविष्य के लिए टीम के दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## आईपीएल: ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में छाये हैं विदेशी खिलाड़ी

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भारतीय क्रिकेटर अब तक कुछ खास नहीं कर पाये हैं। सबसे अधिक विकेट और रन बनाने वालों में अधिकतर विदेशी खिलाड़ी हैं। भारतीय खिलाड़ियों की बात करें सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले अनिकेत वर्मा ने 117 रन जबकि गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने 137 रन बनाये हैं। इस प्रकार देखा जाये तो सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप और सबसे अधिक विकेटों के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की दौड़ में विदेशी खिलाड़ी छाये हुए हैं।

सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष पर अधिकतर विदेशी हैं। इसमें लखनऊ सुपरजायंट्स से खेल रहे वेस्टइंडीज के निकलस पूरन 145 रन बनाकर सबसे आगे हैं। वहीं ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे नंबर पर टाइटंस की ओर से खेलने वाले भारत के सुदर्शन हैं। सुदर्शन के 137 रन हैं। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेल रहे सनराइजर्स हैदराबाद के ट्रैविस हेड 137 और चौथे नंबर पर लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिचेल मार्श 124 रन हैं। पांचवें नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले भारत के अनिकेत 117 रन हैं। ऑरेंज कैप की रेस में शीर्ष्-5 में एक भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है जिसने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेला हो। भारतीय टीम के बल्लेबाजों की बात करें तो सूर्यकुमार यादव ने 104, संजू सैमसन ने 99, श्रेयस अय्यर 97, विराट कोहली ने अबतक 90 रन बनाए हैं।

वहीं सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की दौड़ में भी शीर्ष दो खिलाड़ियों में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेल रहे अफगानिस्तान के नूर अहमद और दिल्ली कैपिटल्स से खेल रहे ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क हैं। अब तक नूर अहमद ने 9 और स्टार्क ने 8 विकेट लिए हैं। इसके बाद अगले तीन भारत के खलील अहमद 6, शार्दुल ठाकुर 6 और कुलदीप यादव हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के नाम 5 विकेट जबकि हैं और वह छठे और राजस्थान रॉयल्स के श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा 5 विकेट लेकर सातवें नंबर पर हैं।

## मैट कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को क्लीन चिट, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से मिला अनुबंध



**चेन्नई (एजेंसी)।** मेलबर्न = श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 16 विकेट लेने के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन की शिकायत झेलने वाले मैट कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को हरी झंडी मिलने के बाद अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2025-26 के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल किया है। कुहनेमन को श्रीलंका में फरवरी में श्रृंखला में प्लेयर ऑफ द सीरिज चुना गया था। उन्होंने पांच टेस्ट में 25 विकेट लिए हैं जिसमें दो बार पारी के पांच विकेट शामिल है।


उन्हें श्रीलंका दौरे के बाद गेंदबाजी एक्शन की जांच से गुजरना पड़ा और आईसीसी की जांच में उन्हें क्लीन चिट मिल गई है। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा कि कुहनेमन ने श्रीलंका में शानदार प्रदर्शन किया और आगे भी वह इसे बरकरार रख सकते हैं। भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास को भी अनुबंध दिया गया है। कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में 60 रन बनाकर आस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

**ऑस्ट्रेलिया के अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची**

पैट कमिंस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैथ्यू कुहनेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मौरिस, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर, एडम जम्पा।

## ग्लास्गो में स्वर्ण जीतना है प्रवीण का लक्ष्य

विजयनगर (ईएमएस)। एथलीट प्रवीण चित्रावेल का लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे। वह 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जिससे वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल कर सकें। प्रवीण ने कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल आदि। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक खो दिया था। मैंने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक जीता है। इस एथलीट ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि मैं एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में पदक जीतूंगा पर मैं राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं।




## मिचेल के सामने नहीं टिक पाते हैं हेड



विशाखापट्टनम। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के प्रमुख बल्लेबाज ट्रेविस हेड आजकल सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आईपीएल में खेल रहे है। हैड को उनकी आक्रामक बल्लेबाज के लिए जाना जाता है क्योंकि वह बड़ी बेरहमी से विरोधी गेंदबाजों की पिटाई करते हैं पर देखने में आया है कि अपने ही हमवतन मिचेल स्टार्क के सामने उनकी एक नहीं चलती। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में भी वह मिचेल का ही शिकार बने थे। ये छठी बार है जब वह स्टार्क के शिकार बने हैं। अब तक इन दोनो के बीच आठ बार मुकाबला हुआ है। इस बार हेड ने अच्छी शुरुआत की थी पर स्टार्क की बाउंसर पर शॉट खेलने के प्रयास में वह कैच हो गये। जब भी ये दोनों आमने-सामने आते हैं, तो स्टार्क हावी रहे हैं। पिछले 8 मुकाबलों में, स्टार्क ने हेड को 6 बार आउट किया है। छह बार में से, स्टार्क ने हेड को चार बार बोल्ड किया है वहीं बाकी दो बार, हेड विकेटकीपर के हाथों कै हुए हैं। हेड ने स्टार्क के पहले ओवर में 11 रन बनाए थे। पर अगले ही ओवर में स्टार्क ने ने उन्हें पेवेलियन भेज दिया। ये भी देखा गया है कि हेड को बाउंसर से परेशानी होती है।

## अर्शदीप को उम्मीद, अय्यर की कप्तानी में आईपीएल खिताब जीतने में सफल होगी पंजाब किंग्स

**लखनऊ(एजेंसी)।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय रचनात्मक आत्म-आलोचना को देते हुए कहा कि वह हर मैच में अपने प्रदर्शन में एक से डेढ़ प्रतिशत का सुधार करने की कोशिश करते हैं। आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ के तौर पर तेजी से उभर रहे इस 26 साल के गेंदबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) के मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ साई सुदर्शन और शेरफेन रदरफोर्ड के महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर टीम को पहले मैच में 11 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

पिछले कुछ वर्षों में अपनी गेंदबाजी की विकास के बारे में पूछे जाने पर अर्शदीप ने 'जियोहॉटस्टार' से कहा, 'मेरा प्रदर्शन अच्छा हो या खराब मेरे लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं हर मैच में अपने खेल में एक से डेढ़ प्रतिशत तक का सुधार करूं। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया में सबसे बड़ी गुंजाइश सुधार की है।'




श्रेयस अय्यर इस सत्र में पंजाब किंग्स की कमान संभाल रहे है और अर्शदीप को उम्मीद है कि टीम इस सत्र में पहली बार आईपीएल खिताब जीतने में सफल होगी। श्रेयस के साथ अपने रिश्ते और नए कप्तान के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर अर्शदीप ने कहा, 'मैंने दलीप ट्रॉफी में पहले भी अय्यर की कप्तानी में खेला है। मैंने इसका वास्तव में इसका लुत्फ उठाया है। उन्होंने हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया और उन्हें अपने मुताबिक खेलने की छूट दी है।'

उन्होंने कहा, 'उनका दृष्टिकोण ऐसा ही रहता है। वह खिलाड़ी को सख्त निर्देश देने की जगह अपने कौशल पर भरोसा करने और टीम के लिए खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।' अर्शदीप ने कहा, 'वह निस्वार्थ दृष्टिकोण के साथ खिलाड़ियों को पूरा समर्थन देते हैं। मैं वास्तव में इस मानसिकता की प्रशंसा करता हूं और खिलाड़ियों के तौर पर लगातार दो आईपीएल खिताब जीतने में हम उनकी पूरी मदद करेंगे।'

अर्शदीप ने अब तक आईपीएल में 66 मैचों में 78 विकेट लिए हैं और भारत के लिए 63 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 99 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब हालात कठिन होते हैं तो वह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, 'जब टीम दबाव में होती है तब मैं रन लेकर या विकेट चटकाकर अपने खेल के स्तर को ऊंचा करने की कोशिश करता हूं। जब महत्वपूर्ण क्षणों में मुझे गेंद दी जाती हैं तो यह जानकर अच्छा लगता है कि वे मुझ पर भरोसा करते हैं। मैं अतिरिक्त जिम्मेदारी का लुत्फ उठाता हूं।'

## लक्जरी कारों के भी शौकीन हैं शुभमन




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज शुभमन गिल आजकल आईपीएल में गुजरात किंग्स की कप्तानी कर रहे हैं। शुभमन ने भारतीय टीम में आने के बाद तेजी से सफलता की सीडियां चढ़ी हैं। शुभमन अपनी शानदार बल्लेबाज के साथ ही आलिशान जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं। वह तेज रफ्तार वाली लक्जरी कारों के भी शौकीन हैं। इसी कारण उनके पास एक से बढ़कर एक कारें हैं। इस बल्लेबाज ने हाल में ही एक और लग्जरी कार रेंज रोवर वेलार खरीदी है जिससे अब उनके कलेक्शन में एक और कार जुड़ गयी है। इस नई रेंज रोवर वेलार की कीमत तकरीबन 80 लाख रुपये है। इसमें एक मजबूत 2.0-लीटर टर्बोचार्ज्ड फोर-सिलेंडर इंजन है, जो लगभग 247 हॉर्सपावर की प्रभावशाली शक्ति उत्पन्न करता है। यह एसयूवी आराम और प्रदर्शन का एक संतुलित मिश्रण प्रदान करती है, जो इसे शहर की ड्राइव और लंबी यात्राओं दोनों के लिए एक आदर्श वाहन बनाती है। शुभमन को कई बार उनकी मर्सिडीज-बेंज ई 350 में देखा गया है, जिसकी कीमत लगभग 90 लाख से 93 लाख रुपये के बीच है। इस अल्ट्रा-लग्जरी कार में 3.0-लीटर वी 6 इंजन है, जो अधिकतम 255 हॉर्सपावर की ताकत और 370 एनएम का पीक टॉर्क उत्पन्न करता है। यह लग्जरी कार अपने स्थिर ड्राइविंग अनुभव, प्रीमियम फीचर्स और विशाल केबिन के लिए जानी जाती है। इसे अलावा उनके पास महिंद्रा थार भी है जो उन्हें कंपनी के मालिक आनंद महिंद्रा ने शानदार प्रदर्शन के लिए उपहार में दी थी। 2.0-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन और 2.2-लीटर टर्बो डीजल इंजन वाली इस कार की कीमत 10.55 लाख रुपये से 16.78 लाख रुपये है।

## विराट कोहली ने अगले विश्व कप के लिए उपलब्धता पर तोड़ी चुप्पी




**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत के चैम्पियंस ट्रॉफी जीत के बाद से ही जो एक सवाल खड़ा हो रहा था वह यह कि क्या अब रोहित शर्मा और विराट कोहली एक साथ मैदान में दिखाई देंगे। इस पर अब भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने स्पष्ट करते हुए कहा है कि वह जल्द ही संन्यास लेने की योजना नहीं बना रहे हैं, और अब उन्होंने एक बार फिर अपने प्रशंसकों को आश्वस्त किया है कि वह संन्यास लेने से पहले एक और द्धष्टष्ट खिताब जीतना चाहते हैं।

मुंबई में एक कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान जब मेजबान ने पूछा कि अगले बड़े कदम के बारे में कोई संकेत है? कोहली ने कहा, 'अगला बड़ा कदम। मुझे नहीं पता, लेकिन शायद अगला विश्व कप जीतने की कोशिश करूं।' 36 वर्षीय खिलाड़ी के इस जवाब का स्वागत भीड़ ने तालियों से किया। विराट कोहली 2023 वनडे विश्व कप में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, लेकिन ये प्रयास बेकार गए क्योंकि टीम अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार गई। भारत ने आखिरी बार 2011 में एमएस धोनी की कप्तानी में वनडे विश्व कप जीता था। टीम 2015 और 2019 के सेमीफाइनल में हार गई, जबकि 2023 में फाइनल में भारतीय प्रशंसकों का दिल टूट गया।

## शास्त्री ने अश्वनी कुमार की जमकर प्रशंसा की, पूछा लंच में क्या खाया

मुंबई। पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेर बने रवि शास्त्री ने मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार की जमकर प्रशंसा की है। शास्त्री ने आईपीएल के अपने पहले ही मैच में चार विकेट लेने वाले अश्वनी की जमकर प्रशंसा की है। अश्वनी की शानदार गेंदबाजी के बल पर ही मुम्बई को 18 वें सत्र में पहली जीत मिली है। अश्वनी ने इस मैच में केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह, मनीष पांडे और आंद्रे रसेल जैसे प्रमुख बल्लेबाजों को पेवेलियन भेजा। वहीं जब शास्त्री ने अश्वनी से पूछा कि लंच में क्या खाया था तो अश्वनी ने बताया कि मैच के पहले हुए दबाव से उन्हें भूख नहीं लगी थी। ऐसे में उन्होंने केवल एक केला खाया था। मैच में उनकी शानदार गेंदबाजी से मुंबई ने कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को आसानी से हरा दिया। शास्त्री ने अश्विनी से मजाकिया अंदाज में कहा, अपने बैग में हमेशा केले रखा करो। अश्वनी ने कहा कि कप्तान हार्दिक पांड्या ने उनसे कहा था कि यह तुम्हारा पहला मैच है, इसलिए बिना तनाव लिए अपने अनुसार गेंदबाजी करो। अश्वनी ने आईपीएल खेलने से पहले केवल चार ही टी20 मैच खेले थे। इसके अलावा उन्होंने 2 रणजी ट्रॉफी और 4 लिस्ट ए मैच भी खेले हैं। यह पहली बार था जब अश्वनी ने एक मैच में 4 विकेट लिए हैं। इससे पहले लिस्ट ए क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 37 रन देकर तीन विकेट और टी20 क्रिकेट में एक विकेट पर 19 रन था।



## अनुभवी फॉरवर्ड वंदना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया और कहा कि अपने 15 वर्ष के सुनहरे कैरियर के शिखर पर वह विदा ले रही हैं। भारत के लिए 320 मैच खेल चुकी 32 वर्ष की स्ट्राइकर कटारिया ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेले हैं।

उन्होंने कहा, 'आज भारी लेकिन कृतज्ञ मन से मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले रही हूं। यह फैसला सशक्त सशक्त करने वाला और दुखी करने वाला दोनों है। मैं इसलिए नहीं हट रही हूं क्योंकि मेरे अंदर की आग मंद पड़ गई है या मेरे भीतर हॉकी नहीं बची है बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने करियर के शिखर पर संन्यास लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं।'

उन्होंने कहा, 'यह विदाई थकान की वजह से नहीं है। यह अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का एक विकल्प है, मेरा सिर ऊंचा रहेगा और मेरी स्टिक अभी भी आग उगल रही होगी। भीड़ की गर्जना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरे मन में गूंजता रहेगा।'

2009 में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाली कटारिया तोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसमें उन्होंने हैट्रिक भी लगाई। ऐसा करनी वाली वह पहली और इकलौती भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। कटारिया ने कहा, 'अपनी साथी खिलाड़ियों, अपनी बहनों से मैं यही कहूंगी कि आपके लगाव और विश्वास ने मुझे बल दिया। मेरे कोचों और मेंटर्स ने अपनी सूझबूझ और मुझ पर भरोसे के सहारे मेरे कैरियर को तराशा।'

हरिद्वार की रहने वाली कटारिया ने फरवरी में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में भारत के लिए आखिरी मैच खेला। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मेरे दिवंगत पिता मेरी चट्टान, मेरे मार्गदर्शक थे। उनके बिना मेरा सपना कभी पूरा नहीं होता। उनके बलिदानों और प्यार से मेरे खेल की नींव पड़ी। उन्होंने मुझे सपने देखने, लड़ने और जीतने के लिए मंच दिया।'

उन्होंने कहा, 'लेकिन मेरी कहानी यहां खत्म नहीं होती। यह नई शुरूआत है। मैं हॉकी उठाकर नहीं रखूंगी। मैं खेलती रहूंगी। हॉकी इंडिया लीग में और उसके अलावा भी। टर्फ पर अभी भी मेरे कदम पड़ेंगे और खेल के लिए मेरा जुनून कम नहीं होगा।' उन्होंने कहा, 'मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले रही हूं लेकिन हर स्मृति, हर सबक और सारा प्यार साथ लेकर जा रही हूं।'





# द भूतनी में दिखाई देंगे सनी सिंह

अपनी आगामी फिल्म भूतनी के ट्रेलर लॉन्च पर अभिनेता सनी सिंह ने कहा कि वह हमेशा से हॉरर कॉमेडी करना चाहते थे। नी सिंह, मौनी रॉय, पलक तिवारी, संजय दत्त, निक और आसिफ खान 'द भूतनी' में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर फैंस को पसंद आ रहा है। कॉमेडी और हॉरर का मिक्सअप इस फिल्म में देखने को मिलेगा। ल्म के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए सनी ने कहा, मैं हमेशा से हॉरर कॉमेडी करना चाहता था। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी और सिद्धांत सचदेव से मिला, तो मुझे पूरा कॉन्सेप्ट पसंद आया। संजू सर के साथ, मुझे पता था कि यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। द्धांत सचदेव द्वारा निर्देशित और दीपक मुकुट और संजय दत्त द्वारा बनाई गई यह हॉरर-कॉमेडी एक भरपूर मनोरंजन करने का वादा करती है। नी ने कहा कि लोगों को फिल्म का पोस्टर बहुत पसंद आया है और मुझे भी। हर हॉरर कॉमेडी अनोखी होती है, लेकिन यह कॉन्सेप्ट पहले देखी गई किसी भी चीज से अलग है। इसे खूबसूरती से शूट किया गया है, और मेरे दोस्त पहले से ही उत्साहित हैं। दर्शकों ने पहले भी मेरी फिल्मों में मुझे पसंद किया है, और मुझे लगता है कि इस बार भी वे मुझे उतना ही प्यार देंगे।

यह फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी। सनी ने 2007 में धारावाहिक कसौटी जिंदगी की टेलीविजन पर अपनी शुरुआत की, जिसमें उन्होंने कृतिका सेंगर द्वारा निभाए गए किरदार के प्रेमी की भूमिका निभाई। इसके बाद, उन्होंने 2009 के धारावाहिक शकुंतला में करण की भूमिका निभाई। सनी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2010 में पाठशाला से की थी, जिसमें उन्होंने शाहिद कपूर के साथ काम किया था। 2011 में उन्होंने मधुर भंडारकर की कॉमेडी फिल्म दिल तो बच्चा है जी में काम किया, जिसमें उन्होंने एक छोटी सी भूमिका निभाई थी। उनकी पहली प्रमुख भूमिका रोमांटिक ड्रामा आकाश वाणी में थी। न्होंने प्यार का पंचनामा 2 में कार्तिक आर्यन के साथ काम किया। 2011 में फिल्म प्यार का पंचनामा रिलीज हुई थी। जिसमें कार्तिक, नुसरत, ओमकार कपूर, इशिता राज शर्मा और सोनाली सह-कलाकार थे। ख्य अभिनेता के रूप में उनकी पहली रिलीज उजड़ा चमन थी, जो गंजेपन की अवधारणा पर आधारित थी। 2023 में उन्होंने रामायण पर आधारित फिल्म आदि पुरुष में लक्ष्मण की भूमिका निभाई।



# सावित्रीबाई फुले का किरदार पर्दे पर निभाना बड़ी जिम्मेदारी थी

अभिनेत्री पत्रलेखा की अपकमिंग बायोपिक 'फुले' का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च हुआ। फिल्म में अभिनेत्री सावित्रीबाई फुले की भूमिका में हैं। अभिनेत्री ने बताया कि पर्दे पर सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाना, उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी थी और उनका यह सफर भावनाओं से भरा रहा। इसे एक परिवर्तनकारी और बेहद प्रेरणादायक अनुभव बताते हुए, पत्रलेखा ने कहा कि समाज सुधारक की भूमिका निभाना उनके लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी, उन्होंने उनके संघर्ष, ताकत और विरासत को पर्दे पर दिखाने का प्रयास किया।

उन्होंने बताया, जब मुझे इस भूमिका के लिए संपर्क किया गया, मेरे विचार स्पष्ट थे। जब मैंने पहली बार अनंत सर से बात की, तो उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट भेजी, जो काफी बड़ी थी। मुझे याद है कि मैंने उन्हें फोन करके कहा था, सर, यह स्क्रिप्ट बहुत बड़ी है। मेरे पास पढ़ने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन उन्होंने मुझे आश्वस्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ पहला ड्राफ्ट है और वे इसे और बेहतर बनाएंगे। डेढ़ साल बाद, मुझे अंतिम स्क्रिप्ट मिली और यह खूबसूरती से लिखी गई थी। मैं मना नहीं कर सकी। मुझे बस इतना पता था कि मुझे इसका हिस्सा बनना है। पत्रलेखा ने सावित्रीबाई फुले के रूप में चुने जाने पर अपनी शुरुआती प्रतिक्रिया के बारे में भी बताया, उन्होंने स्वीकार किया कि वह इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उत्साहित और चिंतित दोनों थीं। अभिनेत्री ने बताया, ईमानदारी से कहूं तो मैं तुरंत ही इस किरदार की ओर आकर्षित हो गई। यह सिर्फ एक ऐतिहासिक शख्सियत का किरदार निभाने के बारे में नहीं था, यह साहस की कहानी के बारे में था। जब अनंत सर और मैंने पहली बार बात की, तो मैं ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्ति का किरदार निभाने को लेकर चिंतित थी, लेकिन उन्होंने मेरी मदद की। उन्होंने कहा, अपनी चिंताओं को छोड़ो और बस करो। उस आश्वासन ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया। बेशक यह चुनौतीपूर्ण था, लेकिन एक बार जब मैं सेट पर गई, तो घबराहट गायब हो गई।

फिल्म में सावित्रीबाई का किरदार निभाना उनके लिए कितना चुनौतीपूर्ण था, इस बारे में अभिनेत्री ने कहा, मैं पहले तो काफी चिंतित थी, लेकिन अनंत सर ने मेरी मदद की। उन्होंने मुझे चीजों को समझने और अपना आत्मविश्वास पाने का मौका दिया। इस तरह के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक किरदार को निभाना कोई आसान काम नहीं है। टीम के सहयोग से मुझे किरदार में पूरी तरह से ढलने का आत्मविश्वास मिला। अनंत महादेवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में ज्योतिराव फुले की भूमिका में प्रतीक गांधी हैं। यह महात्मा फुले की 197वीं जयंती के मौके पर 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कजिन जान्हवी-खुशी को कड़ी टक्कर देंगी शनाया, हाथ लगी बड़ी फिल्म

शनाया कपूर अपनी पहली फिल्म की रिलीज से पहले ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स से जुड़ चुकी हैं। इस लिस्ट मे करण जौहर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म के अलावा मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म शामिल है। एक खबर के मुताबिक शनाया कपूर स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 में नजर आएंगी। इस फिल्म में शनाया एक नहीं बल्कि डबल रोल निभाती नजर आएंगी। करण के इस बड़े प्रोजेक्ट के अलावा शनाया मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म में नजर आएंगी।

### शनाया का वर्कफ्रंट

इन फिल्मों से पहले  शनाया की फिल्म तू या मैं का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसमें वह आदर्श गौरव के साथ नजर आईं। यह एक रोमांचक थ्रिलर फिल्म है, जिसे आनंद एल. राय ने सपोर्ट किया है। प्रशंसकों को यह टीजर बहुत पसंद आया और वह लगातार शनाया की तारीफ कर रहे हैं। इसके अलावा शनाया विक्रांत मैसी के साथ फिल्म आंखों की गुस्ताखियां में भी आएंगी।

### शनाया की तारीफ कर रहे हैं फैंस

सोशल मीडिया पर शनाया के फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ फैंस का मानना है कि वह सबसे अलग और स्मार्ट तरीके से काम कर रही हैं। तो वहीं कुछ फैंस का कहना है कि वह अपनी कजिन सिस्टर जान्हवी और खुशी से भी आगे निकल सकती हैं।

### फिल्मी बैकग्राउंड से हैं शनाया कपूर

शनाया कपूर बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी और महीप कपूर की बेटी हैं। संजय कपूर कई बॉलीवुड फिल्मों में बतौर हीरो अपनी छाप छोड़ चुके हैं। वहीं महीप को आपने सिंगर इला अरुण के प्रसिद्ध गाने निगोड़ी कैसी जवानी है में देखा होगा। महीप का करियर कुछ खास नही रहा, लेकिन अब उनकी बेटी शनाया कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं।


# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से पूरी तरह कटा दिशा वकानी का पत्ता

दिशा वकानी कई फिल्मों और टीवी शो का हिस्सा रही हैं, लेकिन उनका सबसे मशहूर किरदार तारक मेहता का उल्टा चश्मा की दया बेन का रहा है। उन्होंने 2017 में शो छोड़ दिया था। इसके बाद कई बार उनकी वापसी की खबरें आईं, लेकिन हर बार वह महज अफवाह साबित हुईं। अब शो में दया बेन की वापसी की खबरें फिर सामने आई हैं, लेकिन दिशा वकानी के रूप में नहीं, बल्कि नए कलाकार की कास्टिंग की खबरें सामने आई हैं। अब कथित तौर पर निर्माताओं ने दिशा का रिप्लेसमेंट ढूंढ लिया है। इससे पहले शो के निर्माता असित मोदी ने पुष्टि की थी कि दिशा शो में वापस नहीं आएंगी, जिसका मतलब था कि निर्माताओं को उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना होगा। अब न्यूज 18 की रिपोर्ट के अनुसार, शो के निर्माता असित मोदी दया बेन की भूमिका के लिए ऑडिशन ले रहे थे और आखिरकार उन्होंने किसी को शॉर्टलिस्ट कर लिया है। एक सूत्र ने बताया है कि हां, यह सही है। असित नई दया बेन की तलाश में थे और हाल ही में एक ऑडिशन ने उन्हें काफी प्रभावित किया। अभिनेत्री के साथ मॉक शूट चल रहे हैं। वह हमारे साथ शूटिंग करते हुए यहां करीब एक सप्ताह से हैं।

दिशा की शादी नवंबर 2015 में हुई थी और 2017 में वह गर्भवती हो गईं। वह मातृत्व अवकाश पर चली गईं और फिर कभी शो में वापस नहीं आईं। बीच में चर्चा थी कि वह वापसी कर सकती हैं, लेकिन 2022 में उन्हें अपने दूसरे बच्चे का आशीर्वाद मिला। अभिनेत्री ने कथित तौर पर अभिनय छोड़ने का फैसला किया है।



# ज्वेल थीफ में जयदीप और सिद्धार्थ के साथ काम करना रहा शानदार



सैफ अली खान की अपकमिंग थ्रिलर 'ज्वेल थीफ' नेटफ्लिक्स पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में अभिनेता जयदीप अहलावत और निर्माता-निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ काम करने को लेकर उत्साहित नजर आए। सैफ ने बताया कि उनके साथ काम करने का उनका अनुभव शानदार रहा। फिल्म में सैफ एक ठग की भूमिका में हैं। उन्होंने बताया कि निर्माता सिद्धार्थ आनंद के पास कहानी को पेश करने का खास तरीका है और इसी वजह से वह काफी उत्साहित हैं। सैफ ने बताया, सिद्धार्थ आनंद के साथ फिर से काम करना उत्साह और खुशियां देता है – वह एक्शन, स्टाइल और कहानी को एक ऐसे तरीके से ब्लेंड करना जानते हैं और ये खास होता है। ज्वेल थीफ के साथ हमने एकदम अलग और शानदार काम किया है, जिसे करने में बहुत मजा भी आया। सैफ ने कहा कि जयदीप ने प्रोजेक्ट में रोमांच को और बढ़ा दिया। अभिनेता जयदीप अहलावत के साथ स्क्रीन शेयर करने के उत्साह को जाहिर करते हुए सैफ ने कहा, जयदीप ने अनुभव को और भी रोमांचक बना दिया। मैं नेटफ्लिक्स पर इस फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साहित हूं। फिल्म में माफिया की भूमिका निभा रहे जयदीप ने कहा, यह एक ऐसी फिल्म है जो दिलचस्प, चुनौतीपूर्ण और रोमांचक है। यह एक नए यूनिवर्स में जाने का अनुभव है, जिसमें ऐसे लोग हैं जो सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उतने ही उत्साहित हैं, जितने आप।





# 25 साल बाद सलमान संग काम करने पर बोले संजय

बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने शनिवार, 29 मार्च को सलमान खान के साथ एक नई एक्शन फिल्म पर काम करने की पुष्टि की। हाल ही में सलमान ने एक प्रेस मीट में खुलासा किया कि वह संजय के साथ एक बड़ी देहाती एक्शन फिल्म में काम करेंगे। अभिनेताओं ने रोमांटिक म्यूजिकल साजन और कॉमेडी फिल्म चल मेरे भाई में साथ काम किया था।

### संजय ने की सिकंदर की तारीफ

संजय दत्त शनिवार को मुंबई में अपनी आने वाली हॉरर-कॉमेडी फिल्म द भूतनी के ट्रेलर लॉन्च में शामिल हुए। इस मौके पर बात करते हुए अभिनेता ने सलमान खान की फिल्म सिकंदर के ट्रेलर की तारीफ की, जो 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। संजय ने कहा, ट्रेलर सुपरहिट है। सलमान मेरा छोटा भाई है। मैं हमेशा उसके लिए प्रार्थना करता हूं। भगवान ने उसे बहुत कुछ दिया है। सिकंदर एक सुपरहिट फिल्म होगी। सलमान के साथ 25 साल बाद फिर से काम करने के बारे में उन्होंने कहा, हां, हम साथ काम कर रहे हैं। साजन और चल मेरे भाई के बाद आप हमारा टशन देखेंगे। यह एक एक्शन फिल्म है। मैं बहुत खुश हूं कि मैं 25 साल बाद अपने छोटे भाई के साथ काम कर रहा हूं। इससे पहले सलमान ने मुंबई प्रेस से बात करते हुए फिल्म के बारे में कहा था, सिकंदर के बाद मैं एक और बड़ी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें अगले स्तर का एक्शन होगा। मेरा मतलब है देहाती एक्शन। मैं इसे इंडस्ट्री में अपने बड़े भाई संजय दत्त के साथ कर रहा हूं।

### द भूतनी की कहानी

पहले खबर आई थी कि सलमान और संजय दत्त मध्य पूर्व में फिल्माई गई एक अमेरिकी थ्रिलर में नजर आएंगे। वहीं, बात करें द भूतनी की तो यह एक हॉरर-कॉमेडी है, जो एक भूतिया पेड़ के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में संजय दत्त एक भूत-शिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि मौनी रॉय फिल्म में भूतनी का किरदार निभा रही हैं। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# धोखाधड़ी के आरोपों पर श्रेयस तलपदे ने तोड़ी चुप्पी

अभिनेता श्रेयस तलपदे गुरुवार को उस समय मुश्किल में पड़ गए जब उन पर उत्तर प्रदेश में करोड़ों रुपये के चिटफंड घोटाले में शामिल होने का आरोप लगा, लेकिन शुक्रवार को उनकी टीम ने आधिकारिक बयान जारी कर इन खबरों को खारिज कर दिया और कहा कि उनका इस धोखाधड़ी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि ये खबरें निराधार और बेसलेस हैं। बयान जारी करते हुए अभिनेता की टीम ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज की दुनिया में एक व्यक्ति की कड़ी मेहनत से अर्जित प्रतिष्ठा निराधार अफवाहों के कारण अनुचित रूप से धूमिल होने की चपेट में आती है। श्रेयस तलपदे पर धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप लगाने वाली हालिया रिपोर्टें पूरी तरह से झूठी और किसी भी तरह से निराधार हैं।

### धोखाधड़ी में शामिल नहीं हैं अभिनेता

बयान में आगे कहा गया है, एक पब्लिक फिगर के रूप में श्रेयस को कई अन्य मशहूर हस्तियों की तरह अक्सर विभिन्न कॉर्पोरेट और वार्षिक कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता है, जहां वे यथासंभव भाग लेते हैं। कहने की आवश्यकता नहीं है कि तलपदे का किसी भी धोखाधड़ी या गैरकानूनी कार्य से कोई संबंध नहीं है, जैसा कि आरोप लगाया जा रहा है और प्रसारित किया जा रहा है।



समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# हिंदू नव वर्ष के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में किया यज्ञ का आयोजन

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ के अवसर पर अधिवक्ता परिषद फरीदाबाद द्वारा जिला न्यायालय परिसर में यज्ञ का आयोजन किया गया। अधिवक्ता परिषद के प्रधान वरिष्ठ अधिवक्ता पी के मित्तल एवं उपप्रधान योगेश दत्त शर्मा ने बताया कि सर्वत्र सुख एवं समृद्धि की कामना के लिए हिंदू नव वर्ष के अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया । यज्ञ में जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप गर्ग एवं न्यायालय के अन्य न्यायाधीशगणो ने भी अपनी आहुति दी। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान राजेश बैंसला एवं सेक्रेटरी टीका डागर भी अपनी समस्त कार्यकारिणी के साथ यज्ञ में शामिल हुए। अधिवक्ता परिषद के प्रधान अधिवक्ता पीके मित्तल ने हिंदू नव वर्ष के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अन्य सभी पद्धतियों से हिंदू वर्ष की पद्धति सर्वश्रेष्ठ है। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद के महामंत्री दीपक बख्शी, कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रताप सिंह, युवा प्रमुख दीपक दायमा, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार मित्तल, पूर्व प्रधान जेपी अधाना, प्रदीप परमार, ऋषिपाल शर्मा, संतोष वत्स, जोगेंद्र सिंगला, संतराम शर्मा, जितेंद्र सिंगला, अरुण सिसोदिया, सतवीर शर्मा, मीनाक्षी आंचल, रेनू सिंह, नेहा सिंह, रंजन शर्मा, संगीता भाटी, अंशु वर्मा एवं अनेकों अधिवक्तागण उपसथित थे। अंत में पीके मित्तल ने सभी का आभार प्रकट किया।



# राजकीय मॉडल संस्कृति पाठशाला ऊंचा गांव में प्रवेश उत्सव एवं वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला ऊंचा गांव बल्लभगढ़ में आज प्रवेश उत्सव के साथ वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 45 की पार्षद किरण बाला उपसथित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी बल्लभगढ़ महेंद्र सिंह, समाजसेवी जयप्रकाश एवं प्रधानाचार्य जयप्रकाश दांगी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया, नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का माला पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्यालय में महापुरुषों के चित्रों की एक भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय में अधिक से अधिक प्रवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। पार्षद किरण बाला ने विद्यालय के विकास कार्यों की सराहना करते हुए शिक्षा को समाज के उत्थान का आधार बताया। समाजसेवी जयप्रकाश ने अभिभावकों का आह्वान किया कि वो अपने अड़ोस पड़ोस के सभी बच्चों का प्रवेश नजदीक के राजकीय विद्यालयों में कराएं, एक रोटी भले ही कम खाएं मगर बच्चों को जरूर पढ़ाएं। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता जी ने बताया कि विद्यालय में कक्षा बाल वाटिका से कक्षा पाँचवीं तक प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षण कार्य किया जाता है, जिसमें पाँच वर्ष की आयु तक के बच्चों का प्रवेश लिया जा सकता है। इस अवसर पर सभी एस एम सी के सदस्य, अभिभावक व विद्यालय के समस्त शिक्षकगण देवेंद्र गौड़, वंदना मुद्‌गिल, उषा यादव, अंचू रानी, सरिता रानी, दीपचंद, जयप्रकाश, राधेश्याम, पिंकी शर्मा, भारती, हेमा, नीतू मित्तल , मीनाक्षी, वीना रानी, बबीता, सत्यवती, तेजवती, सुमन, अनीता, कांता मौजूद रहे।



# राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीही में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीही सैक्टर 08 में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ जयप्रकाश वैष्णव ने छात्राओं को तिलक लगाकर व फूल माला पहनाकर एवं मुंह मीठा करवा कर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रवेश दिया। इस अवसर पर वार्षिक परिणाम भी घोषित किया गया । जिसमें कक्षा छठी में प्रथम स्थान तन्नू कुमारी, द्वितीय प्राची, तृतीय सीमा, कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान पायल कुमारी, द्वितीय साक्षी, तृतीय काजल, कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान साक्षी भारती, द्वितीय महक, तृतीय निशा, कक्षा नौवीं में प्रथम स्थान आशु कुमारी, द्वितीय अंशिका, तृतीय मंजू, कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम स्थान जानवी वर्मा, द्वितीय सुहानी, तृतीय स्थान जूही ने हासिल किया। कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल करने वाली छात्राओं को पारितोषिक देकर व मिठाई खिलाकर एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी को प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के प्रधान संतसिहं हुड्डा ने उपसथित सभी अभिभावकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ जयप्रकाश वैष्णव ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हौसला अफजाई करते हुए विद्यालय की उपलब्धियां गिनवाते हुए विद्यार्थियों के हित में सरकार ने जो योजनाएं चला रखी है उनसे सभी को अवगत करा कर जागरूक किया और ज्यादा से ज्यादा सरकारी स्कूल में दाखिले लेने के लिए अभिभावकगण को प्रेरित किया।



**प्राचार्य डॉ जयप्रकाश वैष्णव ने छात्राओं को तिलक लगाकर व मुंह मीठा करवाकर प्रवेश दिया**

कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यालय सेक्रेटरी नीतू शर्मा, उप प्राचार्या कमलेश शर्मा, रिजल्ट इंचार्ज देवीना शर्मा, रिजल्ट इंचार्ज रवि शंकर, राधा चौहान, राजभाटी , रंजीता , रोहित कुमार, संतसिहं हुड्डा ने सहयोग किया। इस अवसर विद्यालय के सभी अध्यापकगण एवं स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान व सदस्य विशेष रूप से मौजूद थे।

# तिगांव स्थित गवर्नमेंट कॉलेज में जागरूकता शिविर का आयोजन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ़।** तिगांव सथित गवर्नमेंट कॉलेज में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिगांव की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के स्टूडेंट को दंत रोग, मुख रोग और तंबाकू से होने वाले नुकसान और इनसे बचाव के बारे में बताया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिगांव की डेंटल सर्जन डॉक्टर श्वेता भड़ाना ने तंबाकू खाने और बीडी-सिगरेट पीने से होने वाले हानिकारक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तंबाकू, बीड़ी और सिगरेट सेहत को कई तरह से नुकसान पहुंचाते हैं। इनसे कैंसर, हार्ट रोग, और सांस संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। तंबाकू में पाया जाने वाला निकोटीन नशीला पदार्थ है। स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर हितेश नागर ने कहा कि धूम्रपान करने से दिल का दौरा, फेफड़ों के कैंसर, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (ष्ट्रह्रक्क्ष्) और अन्य विकारों का खतरा बढ़ जाता है। तंबाकू धूम्रपान से स्ट्रोक का खतरा भी रहता है। उन्होंने छात्रों को जागरुक करते हुए टीबी रोग और उसके बचाव के बारे में भी विस्तार से बताया। कॉलेज की प्रिंसिपल रूचिका खुल्लर ने स्टूडेंट से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा। शिविर की संयोजिका डॉ सविता अधाना ने अतिथियों का धन्यवाद किया।

# गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए सभी बच्चों को राजकीय विद्यालयों में प्रवेश दिलवाएं



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में प्रवेश उत्सव में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने प्रवेश उत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में प्रवेश हेतु आने वाले नए बच्चों का अभिभावकों सहित स्वागत किया गया। प्राध्यापिका सुशीला बेनीवाल, दीपांजलि, रविंद्र और दिनेश ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने पर शुभकामनाएं दीं। सभी अध्यापकों ने बच्चों का स्वागत किया। प्राचार्य मनचंदा और अध्यापकों ने सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। जूनियर रेड क्रॉस अधिकारी प्राचार्य मनचन्दा ने कहा कि विद्यालय के अध्यापकों ने सरकारी स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं के विषय में बताते हुए अधिक से अधिक नए बच्चों का प्रवेश सरकारी स्कूल में दिलवाने के लिए भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के अध्यापकों ने घर घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिल रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि विद्यालय में नि:शुल्क दोपहर का पौष्टिक भोजन, दूध, यूनिफॉर्म, पुस्तकें, स्टेशनरी, स्टाइपेंड आदि के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा, रोजगारपरक शिक्षा, तनावमुक्त शैक्षणिक वातावरण, डिजिटल बोर्ड द्वारा शिक्षा, मासिक परीक्षा, प्रीबोर्ड परीक्षा, परीक्षाओं की तैयारी हेतु सेमिनार एवं विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएँ और गतिविधियां संचालित होती है। इसलिए उज्ज्वल भविष्य के लिए बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजें।

# अग्रवाल महिला कॉलेज में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महिला कॉलेज में एक महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता, सम्माननीय प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, प्रभारी (विंग 1) डॉ. सचिन गर्ग के मार्गदर्शन में एवं सुश्री अनीता के समन्वय से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक आत्मरक्षा उपायों से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी सुश्री सुनीता एवं एएसआई सुश्री सुमन मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने छात्राओं को महिला सुरक्षा कानूनों, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही, उन्होंने हेल्पलाइन नंबर साझा किए और छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। सत्र के दौरान छात्राओं ने सवाल पूछे और महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। इस कार्यक्रम की सफलता में डॉ. दीपमाला, सुश्री सोनिया, सुश्री लक्ष्मी, सुश्री ऋतिका, सुश्री निशा, सुश्री पारुल, सुश्री पल्लवी और श्री मोहित का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में लगभग 120 छात्राओं ने भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी पाया। इस जागरूकता कार्यक्रम ने छात्राओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाया, जिससे वे भविष्य में किसी भी आपात सथिति से निपटने के लिए तैयार रह सकें। छात्राओं ने इस सराहनीय पहल के लिए अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ के प्रबंधन और संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा राजनीति शास्त्र में रोजगार के अवसर विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री थर्मेश असिस्टेंट प्रोफेसर व्यवहार विज्ञान विभाग, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय रही इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थीयों को राजनीति विज्ञान के विभिन्न करियर विकल्पों से अवगत कराना और उनकी रुचि व कौशल के अनुरूप उपयुक्त रोजगार की पहचान करने में सहायता प्रदान करना रहा यह व्याख्यान महाविद्यालय और अग्रवाल विद्याप्रचारिणी सभा के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता जी और महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता और महाविद्यालय प्राचार्य डा संजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में हुआ मुख्य वक्ता थर्मेश ने बताया कि राजनीति विज्ञान न केवल अकादमिक क्षेत्र व शोध बल्कि प्रशासनिक सेवाओं, मीडिया , पत्रकारिता, राजनीतिक परामर्शदाता, विश्लेषक और अंतराष्ट्रीय संस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर देता है इस कार्यक्रम में 66 विद्यार्थीयों ने भाग लिया उन्होंने मुख्य वक्ता से इस विषय में अपने करियर चुनने के संबंध में प्रश्न पूछे महाविद्यालय प्राचार्य ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए उसे विद्यार्थीयों के भविष्य निर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताया यह कार्यक्रम राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्षा डा रितु के द्वारा करवाया गया।



# अग्रवाल वैश्य समाज फरीदाबाद की टीम ने कुलदीप अग्रवाल का पायलट बनने पर किया स्वागत



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश संगठन मंत्री केदारनाथ अग्रवाल आज सेक्टर 9 सथित वरिष्ठ समाजसेवी राजेश अग्रवाल के सुपुत्र कुलदीप अग्रवाल के पायलट बनने पर उनको बधाई देने पूरी टीम के साथ उनके निवास पर पहुंचे।

उनके साथ फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष रमेश अग्रवाल, फरीदाबाद विधानसभा के अध्यक्ष शीतल जैन भी उपसथित रहे। समाज की टीम ने कुलदीप की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उनके पिता राजेश अग्रवाल व माता जी मधु अग्रवाल का भी शाल ओढ़ाकर कर अभिनंदन किया और कुलदीप के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट संपर्क करें: 9811153271**







| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेफ्रो | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| डर्मा | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |